प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ०प्र० सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष : 15 अंक : 07 | गुरुवार 25 दिसम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

# योगी सरकार के नेतृत्व में महिला स्टार्टअप्स को नई उड़ान

## उत्तर प्रदेश बन रहा उद्यम शक्ति का केंद्र

(संवाददाता) लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने बीते साढ़े आठ वर्षों में प्रदेश के विकास को नई दिशा और गति दी है। सुदृढ़ कानून–व्यवस्था के साथ सरकार का विशेष फोकस नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता पर रहा है। इसी सोच का परिणाम है कि केंद्र सरकार की निधि योजना का प्रभाव उत्तर प्रदेश में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी आधारित स्टार्टअप्स, खासकर महिला नेतृत्व वाले उद्यमों के लिए प्रदेश में एक सकारात्मक, सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण तैयार हुआ है। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को केवल श्रम शक्ति का नहीं, बल्कि उद्यम शक्ति का केंद्र बनाना है।विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वर्ष 2016 में शुरू की गई निधि योजना का उद्देश्य प्रारंभिक चरण के विज्ञान एवं तकनीक आधारित स्टार्टअप्स को वित्तीय और संस्थागत सहायता देना है। इस योजना के अंतर्गत देशभर में अब तक 714 महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को सहयोग दिया जा चुका है। वर्ष 2017–18 में 23 महिला स्टार्टअप्स को सहायता मिली, जबकि




2023–24 में यह संख्या बढ़कर 152 हो गई। वर्ष 2024–25 में 140 और 2025–26 में 84 महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को निधि योजना के तहत समर्थन प्रदान किया गया, जो महिला उद्यमिता में बढ़ते विश्वास और अवसरों को दर्शाता है। निधि कार्यक्रम के तहत महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को शुरूआती स्तर पर सहयोग देने की इस राष्ट्रीय पहल में उत्तर प्रदेश ने भी अपनी मजबूत भागीदारी दर्ज कराई है। प्रदेश के 25 महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को निधि योजना के अंतर्गत वित्तीय और तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ है। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश की महिलाएं अब केवल रोजगार की तलाश तक सीमित नहीं हैं बल्कि स्वयं रोजगार देने वाली उद्यमी बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। योगी सरकार की स्टार्टअप नीति और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं ने इस परिवर्तन को ठोस आधार प्रदान किया है।उत्तर प्रदेश में निधि प्रौद्योगिकी व्यापार इनक्यूबेटर और समावेशी प्रौद्योगिकी व्यापार इनक्यूबेटर की स्थापना योगी सरकार के विकास मॉडल की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। प्रदेश में स्थापित सात टीबीआई और आईटीबीआई महिला स्टार्टअप्स के लिए मार्गदर्शन और सहयोग के मजबूत केंद्र बनकर उभरे हैं। इन इनक्यूबेटरों के माध्यम से महिलाओं को तकनीकी परामर्श, व्यवसायिक रणनीति, बौद्धिक संपदा अधिकार, कानूनी और नियामक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे छोटे शहरों और कस्बों की महिलाएं भी नवाचार आधारित उद्यम शुरू करने का साहस कर पा रही हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट विजन है कि विकास केवल बड़े शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि प्रदेश के हर कोने तक पहुंचे। इसी सोच के तहत टियर वन और टियर टू शहरों में स्टार्टअप संस्कृति को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के कई ऐसे जिले, जो पहले उद्यमिता के मानचित्र पर नहीं थे, अब धीरे–धीरे स्टार्टअप गतिविधियों के नए केंद्र बनते जा रहे हैं। निधि योजना से जुड़े इनक्यूबेटर इन क्षेत्रों में स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे महिला सशक्तिकरण के साथ–साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।

# स्मृति मंधाना के पिता की तबियत बिगड़ी, शादी अनिश्चितकाल के लिए टली



(एजेंसी) सांगली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और गायक पलाश मुच्छल की प्रस्तावित शादी टल गई है। मंधाना के पिता की अचानक बिगड़ी तबियत की वजह से शादी को टाला गया है। इसकी पुष्टि मंधाना के प्रबंधक तुहिन मिश्रा ने की। मिश्रा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, सुबह में जब स्मृति मंधाना के पिता नाश्ता कर रहे थे उसी समय उनकी तबियत खराब होने लगी थी। हमने थोड़ी देर इंतजार किया कि शायद सामान्य वे सामान्य हो जाएं। लेकिन, सुधार न होता देख उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं। उन्होंने कहा, मंधाना अपने पिता के बहुत नजदीक हैं। इसलिए अपने पिता के पूरी तरह ठीक होने तक उन्होंने शादी को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया है। मंधाना और पलाश मुच्छल की शादी सांगली मेंरविवार शाम 4 बजे होने वाली थी। शादी सांगली के समडोली रोड पर मंधाना फार्म हाउस में होने वाली थी। शादी के लिए मंधाना परिवार लंबे समय से तैयारियों में जुटा हुआ था। कई दिनों से शादी की रस्में चल रही थीं। महिला क्रिकेट टीम की अधिकांश क्रिकेटर इस समय सांगली में ही मौजूद हैं। मंधाना की संगीत सेरेमनी पिछले दिन हुई थी। इस समय मंधाना अपने परिवार और महिला क्रिकेट टीम की अन्य क्रिकेटरों के साथ गाना गाते और नृत्य करते तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रही थीं। शादी स्थगित किए जाने के बाद मेहमानों को वापस भेजा जा रहा है। सजावट हटाने का काम भी चल रहा है। मंधाना के पिता की तबियत पूरी तरह ठीक होने के बाद फिर से शादी की तारीख तय की जाएगी।

# भ्रष्टाचारमुक्त प्रशासन देने में ताकत झोंक रहे सहायक रजिस्ट्रार फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स

### -माध्यमिक शिक्षा परिषद में पांच सौ रदद् की थीं फर्जी नियुक्तियां

### - मत्स्य विभाग में माफियाओं से मुक्त कराये थे तालाब

न्यूज वाणी

प्रयागराज। सहायक रजिस्ट्रार फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स मनोज कुमार की कार्यशैली आमजन की ईमानदारी से सेवा करना एवं तैनाती वाले विभागों में भ्रष्टाचार को समाप्त करना है। उनका कहना है कि किसी भी बड़े पद पर नियुक्ति गाड गिफटेड होती है इसलिये ईश्वर की बक्शी इस कुर्सी पर बैठ कर बेईमानी करना मुनासिब नही होता। मूल रूप से देवरिया जनपद के रहने वाले और कृषक परिवार में जन्में मनोज कुमार नौकरी में आने से पहले खेती–किसानी करते थे। उनके परिवार में कोई भी नौकरी नही करता। मनोज कुमार सोसाइटीज के रजिस्ट्रार बनने से पहले लखनऊ में माध यमिक शिक्षा परिषद में 4 वर्ष तैनात रहे है। यहां भी अपनी तैनाती के दौरान भ्रश्टाचार के खिलाफ कठोर रहे है। जिसका उदाहरण पांच सौ फर्जी नियुक्तियों को निरस्त करना था। इसके बाद मनोज कुमार मत्स्य विभाग में तैनाती के दौरान पात्रो का हक छीनने वाले माफियाओं के कब्जे से तालाबों को मुक्त कराया था। जिसकी गूंज पूरे प्रदेश में फैल गयी थी। मनोज कुमार ने इसी वर्ष 17 जून को सहायक रजिस्ट्रार फर्म सोसाइटीज



एवं चिट्स में कार्यभार संभाला था। उनके आने के बाद से अब लोगों को कार्यालय के चक्कर नही लगाने पड़ रहे है। बल्कि ईमानदारी से लोगों का काम समय से हो रहा है। यदि ऐसे ही अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझ कर कार्य करे तो लोगों का शासन व प्रशासन के प्रति विश्वास में इजाफा होगा।

# ओडिशा में नक्सलियों की कमर टूटी: 8 करोड़ के इनामी पोस्टरों का दिखा खौफ, 22 माओवादियों ने एक साथ किया सरेंडर

(एजेंसी) अनुगुल। ओडिशा में नक्सल विरोधी अभियान को एक बड़ी और निर्णायक कामयाबी मिली है। मलकानगिरी पुलिस



के सामने 22 खूंखार माओवादियों ने सामूहिक रूप से हथियार डालते हुए आत्मसमर्पण कर दिया है। इसे इस वर्ष राज्य में माओवादियों का पहला और सबसे बड़ा सरेंडर माना जा रहा है, जिसने लाल गलियारे में हलचल मचा दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह सफलता सुरक्षाबलों के बढ़ते दबाव और रणनीतिक मनोवैज्ञानिक वार का नतीजा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आत्मसमर्पण करने वालों में संगठन के कई महत्वपूर्ण पदाधिकारी शामिल हैं। इनमें एक संभागीय समिति सदस्य ("Bn~ c1n~cán~ c'kB~Bì|"V'k}}n~ c°y°yn~xn~x :n~ x}ïn~xã), छह सहायक समिति व उपसमिति सदस्य और 15 पार्टी सदस्य शामिल हैं। इन नक्सलियों पर सरकार ने 5.5 लाख रुपये से लेकर 27.5 लाख रुपये तक का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस का कहना है कि पिछले सप्ताह ही जिले भर में और सार्वजनिक स्थानों पर 8 करोड़ रुपये से अधिक के इनामी माओवादियों के पोस्टर चस्पा किए गए थे। इन पोस्टरों के जरिए न केवल इनाम की जानकारी दी गई थी, बल्कि आत्मसमर्पण नीति और सुरक्षित जीवन की अपील भी की गई थी। इस कदम ने माओवादी कैडर में भय और असमंजस की स्थिति पैदा कर दी, जिसका परिणाम इस सामूहिक सरेंडर के रूप में सामने आया है। गौरतलब है कि ओडिशा के कालाहांडी, कंधमाल, बलांगीर, कोरापुट, नबरंगपुर, नुआपाड़ा और रायगढ़ा जैसे जिलों में अब भी माओवादियों का प्रभाव है। विशेषकर छत्तीसगढ़ सीमा से सटे जिले माओवादियों का गढ़ माने जाते हैं। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों की निरंतर कार्रवाई ने उनकी कमर तोड़ दी है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मुख्यधारा में लौटने वाले इन सभी माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत वित्तीय सहायता, कौशल प्रशिक्षण और अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। जल्द ही पुलिस महानिदेशक (ष्ठत्रक्क) योगेश बहादुर खुराना इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा कर सकते हैं।



# सम्पादकीय

## दीदी पर प्रहार और भाजपा का मिशन 2026 का रोडमैप तैयार...

पश्चिम बंगाल के आगामी चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि राज्य में ममता बनर्जी की अगुआई वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार से मुकाबले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मैदान में उतर आए हैं। प्रधानमंत्री ने बीते दिनों पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के ताहेरपुर में विशाल रैली को संबोधित किया। खराब मौसम की वजह से उनका हेलीकॉप्टर नहीं उतर सका। इसके बाद उन्होंने कोलकाता एयरपोर्ट जाकर रैली को वर्चुअली संबोधित किया। बांग्लादेश सीमा से सटा ताहेरपुर इलाका मतुआ समुदाय का गढ़ माना जाता है। प्रधानमंत्री की झलक पाने के लिए ताहेरपुर के मैदान में भारी भीड़ उमड़ी थी। लेकिन उनके न आ पाने से लोगों में थोड़ी मायूसी दिखी। खासतौर से मतुआ समुदाय को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री उनकी समस्या को लेकर कुछ ठोस आश्वासन दे सकते हैं, जो मतदाता सूची से नाम कटने और नागरिकता को लकेर चिंतित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नदिया के मटुआ समुदाय का ख़ासतौर से उल्लेख किया। दरअसल राज्य में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के चलते मटुआ समुदाय के मन में आशंकाएँ है। प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी का राणाघाट में रैली भी इसके मद्देनजर आयोजित की गई थी। प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने कहा कि वे मटुआ समुदाय को आश्वस्त करना चाहते हैं कि वे राज्य में तृणमूल कांग्रेस के रहमोकरम पर नहीं हैं। बल्कि केंद्र की सरकार के सीएए लागू करने के कारण उन्हें भारत में रहने का अधिकार मिला है। प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने वादा किया कि उनकी सरकार मटुआ और नामसमुद्र समुदाय की सेवा करती रहेगी। प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने राज्य की नारी शक्ति का भी ज़िक्र किया। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही है तो नारी शक्ति के खिलाफ अत्याचार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि नारीशक्ति सुरक्षित रहे। पिछले कुछ चुनावों में भाजपा ने राज्य की 294 में से 121 सीटें किसी न किसी रूप में जीती हैं। यह जीत बताती है कि इन सीटों पर भाजपा मज़बूत स्थिति में है। भाजपा का लक्ष्य यहां पर पूरी ताक़त झोंकना है। साथ ही इनके अलावा अन्य चालीस से पचास सीटों पर अतिरिक्त ताक़त लगाई जाएगी। भाजपा का लक्ष्य 160–170 सीटों को अपने पाले में लाना है। इसके लिए उम्मीदवारों के चयन में सावधानी रखी जाएगी। पश्चिम बंगाल में भाजपा अपनी स्थिति लगातार मजबूत करती जा रही है। खासकर उत्तर और दक्षिण बंगाल में उसकी स्थिति मजबूत हो रही है। उसके वोट प्रतिशत में भी बढोत्तरी हो रही है। राज्य में पार्टी का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन 2019 के लोक सभा चुनाव में रहा जब उसे 42 में से 18 सीटों पर जीत मिली और लगभग 40.25 प्रतिशत वोट मिले। उसके बाद 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 77 सीटें जीतीं और उसे करीब 38.14 प्रतिशत वोट मिले। उसे विधानसभा में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनने का मौका भी मिला और नेता विपक्ष का पद भी उसे हासिल हुआ. यह भाजपा के लिए विधानसभा चुनावों में भी एक बड़ी छलांग थी, क्योंकि इससे पहले उसके पास केवल तीन सीटें ही थीं। हालांकि पिछले लोक सभा चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत कमोबेश पिछली बार की ही तरह 39.08 प्रतिशत पर रहा लेकिन उसकी सीटों में कमी आई। 2019 के लोक सभा चुनाव की तुलना में उसे छह सीटों का नुकसान हुआ। वहीं पिछले विधानसभा चुनाव में टीएमसी को 47.9 प्रतिशत वोट और 213 सीटें मिलीं. यह उसके बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक है। ऐसे में भाजपा को टीएमसी को शिकस्त देने के लिए चार–छह प्रतिशत वोट अतिरिक्त लाना होगा। यह एक बड़ी चुनौती है जहां भाजपा की सांगठनिक क्षमता और कुशलता की परीक्षा होगी। भाजपा ने अपने को इसके लिए झोंक दिया है। अब प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के दौरे से भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश दोगुना हुआ है।



नफीस जाफरी

# मुनीर के गले की हड्डी बना पाकिस्तानी सेना को गाज़ा भेजने का वादा?



गुलफिशा खान

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के एक बयान से पूरे पाकिस्तान में सत्ता हिल रही है। पाकिस्तान के सबसे ताकतवर इंसान फील्ड मार्शल असीम मुनीर के खिलाफ लोग सड़कों तक पर उतर गए। पाकिस्तानी सेना भी इस मुद्दे पर बंटी हुई दिखाई दे रही है। वहीं राजनीतिक दलों और खासकर मुनीर को इतना ताकतवर बनाने वाली सरकार भी इससे असहमत दिख रही है। ऐसे में मुनीर अब फंसते दिख रहे हैं। मालूम हो कि मार्को रुबियो ने बयान दिया है कि हम पाकिस्तान के बहुत आभारी हैं कि उन्होंने इसका हिस्सा बनने का प्रस्ताव दिया है या कम से कम इसका हिस्सा बनने पर विचार करने को कहा है। मार्को रुबियो ट्रंप के प्लान के तहत पाकिस्तानी सेना को गाजा भेजने की बात कर रहे थे। ये वो बयान है जिसने पाकिस्तान की जनता, मीडिया, सेना, सरकार और अन्य राजनीतिक दलों को एक लाइन में खड़ा कर दिया और सब मुनीर की तरफ देखने लगे। पाकिस्तान में ऐसी खबरें फैलने लगीं कि फील्ड मार्शल असीम मुनीर निकट भविष्य में वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने वाले हैं और गाजा में सैन्य तैनाती पर बातचीत होगी। जब मीडिया में चर्चा ज्यादा बढ़ी तो पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान को सैन्यकर्मी भेजने के लिए नहीं कहा गया है और न ही देश ने अभी तक कोई निर्णय लिया है। इससे पहले, विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा था कि जब तक आईएसएफ के कार्यक्षेत्र स्पष्ट नहीं हो जाते, पाकिस्तान कोई निर्णय नहीं ले सकता, और साथ ही यह भी कहा था कि हमास को निरस्त्र करना हमारा काम नहीं है। आसिम मुनीर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गोद में बैठना है या फिर पाकिस्तान की आवाम की इच्छा का सम्मान करना है? जियोपॉलिटिक्स पर नजर रखने वाले विश्लेषकों के लिए यह सवाल लाख टके का सवाल है। दरअसल पिछले कई दशकों में पाकिस्तान के सबसे शक्तिशाली सैन्य प्रमुख को सबसे कठिन परीक्षा का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ अमेरिका इस्लामाबाद पर यह दवाब डाल रहा है कि वह भी गाजा में लॉ–एंड–ऑर्डर बनाए रखने के लिए भेजी जा रही अंतर्राष्ट्रीय सेना (गाजा इंटरनेशनल स्टेबलाइजेशन फोर्स) में अपने सैनिकों को भेजे। वहीं दूसरी तरफ विश्लेषकों का कहना है कि अगर पाकिस्तान सेना ऐसा कदम उठाती है तो पाकिस्तान के अंदर विद्रोह भड़क सकता है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार दो सूत्रों ने बताया है कि असीम मुनीर आने वाले हतों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए वाशिंगटन जा सकते हैं। यह छह महीने में दोनों के बीच



तीसरी बैठक होगी। यह बैठक संभवतः गाजा फोर्स पर केंद्रित होगी। ट्रंप ने इजरायल और हमास के बीच जंग रुकवाने के लिए अपना 20–सूत्रीय गाजा प्लान दिया था। इमें एक योजना यह भी थी कि जबतक फिलिस्तीनी क्षेत्र में पुनर्निर्माण और आर्थिक सुधार होगा, तक तक एक संक्रमण अवधि के लिए वहां एक इंटरनेशनल फोर्स भेजी जाएगी, जिसके लिए मुस्लिम देशों से सैनिकों की मांग की गई है। गाजा को इस पुनर्निर्माण और आर्थिक सुधार की सख्त जरूरत हैं क्योंकि वह दो साल से अधिक समय तक इजरायली सैन्य बमबारी से नष्ट हो गया है। लेकिन कई मुस्लिम देश गाजा में इस्लामी उग्रवादी समूह हमास के खिलाफ मिशन चलाने के लेकर सावधान हैं. उन्हें लगता है कि यह मिशन उन्हें लंबे संघर्ष में खींच सकता है और उनकी फिलिस्तीन समर्थक और इजरायल विरोधी आबादी को नाराज कर सकता है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार मुनीर ने हर पल अपना स्टैंड बदलते ट्रंप के बीच घनिष्ठ संबंध बनते दिखे हैं। जून में ट्रंप ने तो मुनीर को व्हाइट हाउस में लंच के लिए बुलाया गया था। पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने सिर्फ पाकिस्तान के सेना प्रमुख की मेजबानी की थी। रिपोर्ट के अनुसार वाशिंगटन स्थित अटलांटिक काउंसिल में दक्षिण एशिया के सीनियर फेलो माइकल कुगेलमैन ने कहा, (गाजा स्टेबलाइजेशन फोर्स में योगदान नहीं देना) ट्रंप को नाराज कर सकता है, जो कि पाकिस्तान के लिए कोई छोटी बात नहीं है, क्योंकि पाकिस्तान ट्रंप की .पा में बने रहने के लिए काफी उत्सुक दिखाई देता है। वह अमेरिकी निवेश और सुरक्षा सहायता को सुरक्षित करना चाहता है। लेकिन दूसरी तरफ मुनीर की घरेलू स्तर पर बड़ी चिंता यह है कि अगर वह अमेरिका समर्थित योजना के तहत गाजा में पाकिस्तानी सैनिकों को भेजते हैं तो पाकिस्तान के अंदर इस्लामी पार्टियों का विरोध फिर से भड़क सकता है, जो अमेरिका और इजराइल के घोर विरोधी हैं।

पाकिस्तानियों के अनुसार, ट्रंप की योजना मुस्लिम देशों को हमास और अन्य प्रतिरोधक समूहों के साथ टकराव के रास्ते पर धकेलने का है। पाकिस्तान के अखबार द डॉन ने अपने संपादकीय में लिखा है, अमेरिका वह करने की कोशिश कर रहा है, जो इजरायल करने में विफल रहा। हमारा मानना है कि किसी भी मुस्लिम देश को फिलिस्तीनी समूहों से नहीं लड़ना चाहिए। शायद गाजा योजना के इसी अप्रिय पहलू के कारण कई देशों ने सेना भेजने से इनकार कर दिया है। खबरों के मुताबिक, अजरबैजान, जॉर्डन, मिस्र और अन्य अरब देशों ने कहा है कि मौजूदा हालात में वे अधि.त फिलिस्तीनी क्षेत्र में सेना भेजने में असमर्थ होंगे। पाकिस्तान को फिलिस्तीनी प्रतिरोध समूहों का सामना करने के लिए सेना भेजकर इस आम सहमति और अपने घोषित सिद्धांतों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। बताया है. उसने लिखा है कि पाकिस्तान ने अतीत में ऐसे कठिन निर्णय लिए हैं. उदाहरण के लिए, सऊदी अरब के भारी दबाव के बावजूद, संसद की सामूहिक समझदारी से पाकिस्तान ने तटस्थता को प्राथमिकता दी और यमन के हुतियों के खिलाफ युद्ध में सेना भेजने से इनकार कर दिया. बाद में देखा जाए तो यह सही निर्णय साबित हुआ। संपादकीय में लिखा है कि इजरायल पर भरोसा नहीं किया जा सकता, और उसने पहले ही संकेत दे दिया है कि वह कब्जे वाले गाजा के महत्वपूर्ण हिस्सों में बने रहने का इरादा रखता है। इसलिए, मुस्लिम और अरब देशों को कब्जे को जारी रखने की अमेरिकी–इजरायली योजना में भागीदार नहीं बनना चाहिए। हमास हथियार डालने को तैयार है, लेकिन केवल तभी जब फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना का स्पष्ट मार्ग दिखाई दे। ऐसे में जाहिर है मुनीर के लिए पाकिस्तानी सेना को गाजा भेजने का फैसला लेना अब मुश्किल होता जा रहा है। मगर उनके सामने दिक्कत ये है कि पाकिस्तान में सत्ता पर खुद को मजबूत करने के लिए उन्होंने अमेरिका से ज्यादा ही नजदीकी बढ़ा ली है। चीन उन पर नाराज है। अगर वो पाकिस्तानी सेना को गाजा नहीं भेजते हैं तो ट्रंप भी नाराज हो जाएंगे. सेना के कई जनरल पहले ही उनसे खार खाए बैठे हैं। कारण उनके रहते अब वो कभी पाकिस्तान के सबसे ताकतवर इंसान नहीं बन पाएंगे। ऐसे में मुनीर के लिए मुश्किल बढ़ सकती है। दूसरी तरफ अगर वो गाजा में सेना भेज देते हैं तो पाकिस्तानी सेना में भी विद्रोह की संभावना है। जनता का तो आक्रोश है ही, साथ ही मुनीर का मुस्लिम कट्टरपंथी होने का लिबास भी जनता के सामने से उतर जाएगा. जिसका नतीजा आज नहीं तो कल मुनीर को ही चुकाना होगा।

# बीएमसी चुनाव-कांग्रेस के दांव से उद्धव व शरद पवार सकते में



फरीद वारसी

ठाकरे भाइयों के गठबंधन ने महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के भीतर नई दरारें पैदा कर दी हैं। मुंबई कांग्रेस ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव अकेले लड़ने का कड़ा फैसला लिया है और साफ कर दिया है कि वह राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के साथ किसी भी तरह का गठबंधन नहीं करेगी। कांग्रेस के इस एकतरफा फैसले से शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के प्रमुख शरद पवार नाराज बताए जा रहे हैं। विदित हो कि बृहन्मुंबई महानगर पालिका चुनाव ने महाराष्ट्र की सियासत को बड़ी दिलचस्प मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है। सीटों की खींचतान की ख़बरों के बीच कांग्रेस ने मुंबई महानगरपालिका चुनाव को लेकर ऐसा दांव चला है जिससे विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी आर्थिक राजधानी में बिखरती दिख रही है। कांग्रेस के बड़े नेता और महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्नीथला ने साफ कर दिया है कि मुंबई की 227 सीटों पर कांग्रेस किसी के साथ नहीं,बल्कि अकेले चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस का ये फ़ैसला उद्धव ठाकरे की शिवसेना (न्ठज) और शरद पवार की छब्ब को सकते में डाल सकता है। चेन्नीथला के बयान ने साफ कर दिया है कि विधानसभा और लोकसभा में जो एकजुटता दिखी थी, वो अब इतिहास की बात हो गई है। जब चेन्नीथला कहते हैं कि हम भाजपा और यूबीटी (उद्धव गुट) दोनों के खिलाफ लड़ेंगे, तो इसका सीधा मतलब है कि कांग्रेस ने अपने साथियों को भी प्रतिद्वंद्वी मान लिया है!सवाल यह है कि जिस मुंबई को उद्धव अपना किला मानते हैं,वहीं कांग्रेस ने उनके खिलाफ मोर्चा खोलकर क्या गठबंधन की नींव हिलाई है? मुंबई की जंग द्विपक्षीय नहीं बल्कि त्रिकोणीय दिख रही है। जब भी विपक्ष का वोट बंटता है, उसका सीधा फायदा सत्तारूढ़ गठबंधन को मिलता है ऐसे में कांग्रेस का यह फैसला भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए फ़ायदा साबित होगा या कांग्रेस अपना पुराना वजूद वापस पाएगी,देखना दिलचस्प होगा। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस को ये अहसास हो गया है कि गठबंधन में रहने पर उसकी जमीन खिसक रही है। मुंबई में उद्धव गुट हमेशा बड़े भाई की भूमिका में रहना चाहता है, कांग्रेस को डर था कि गठबंधन में उसे कम सीटें मिलेंगी। चेन्नीथला ने कहा कि वे ठडब् के भ्रष्टाचार का श्पंचनामाश करेंगे, अब पिछले 25 सालों से तो ठडब् पर शिवसेना का ही कब्जा रहा है,ऐसे में उद्धव के साथ रहकर कांग्रेस भ्रष्टाचार पर सवाल कैसे उठाती? चेन्नीथला का दावा है कि मुस्लिम मतदाता उनके साथ हैं। उन्हें लगता है कि हिंदू–मुस्लिम की राजनीति के बीच कांग्रेस ही धर्मनिरपेक्ष विकल्प है,जिसमें उद्धव सेंधमारी कर रहे थे। अब कांग्रेस ये नुक़सान स्थानीय चुनावों में नहीं झेलना चाहती। महानगरपालिका की इस जंग में राज ठाकरे की डछै भी कांग्रेस के "एकला चलो" के फैसले के पीछे एक बड़ा साइकोलॉजिकल फैक्टर है! कांग्रेस को डर है कि अगर वह उद्धव गुट के साथ गठबंधन मेंरहती, तो भाजपा और मनसे मिलकर मराठी अस्मिता और प्रखर हिंदुत्व के मुद्दे पर उसे हाशिए पर धकेल देते। हालांकि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को साथ लाने के लिए पर्दे के पीछे



बातचीत जारी है, लेकिन मुंबई कांग्रेस इकाई अपने अकेले चुनाव लड़ने के फैसले पर अड़ी हुई है। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में विपक्ष ने शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) के साथ मिलकर महाविकास आघाड़ी के रूप में चुनाव लड़ा था. लेकिन बीएमसी जैसे अहम चुनाव से पहले यह गठबंधन संकट में नजर आ रहा है। शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) एमवीए में एमएनएस को शामिल करने के पक्ष में हैं, जबकि कांग्रेस इसका खुलकर विरोध कर रही है। पिछले कुछ महीनों से उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक साथ मंच साझा करते हुए और राज्य की सत्तारूढ़ महायुति सरकार के खिलाफ आवाज उठाते नजर आ रहे हैं, जिससे मराठी अस्मिता के आधार पर संभावित गठबंधन के संकेत मिले हैं। बीएमसी चुनाव की घोषणा के बाद घटनाक्रम तेजी से बदला है और शिवसेना (यूबीटी).एमएनएस गठबंधन की औपचारिक घोषणा किसी भी समय हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, उद्धव ठाकरे का मानना है कि भाजपा को चुनौती देने के लिए विपक्ष का एकजुट होकर चुनाव लड़ना जरूरी है ताकि वोटों का बंटवारा न हो। इसके बावजूद कांग्रेस ने बीएमसी चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा कर दी है। बताया जा रहा है कि ठाकरे भाइयों के गठबंधन की बातचीत अंतिम चरण में है। इसी बीच शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से फोन पर बातचीत कर संयुक्त विपक्षी लड़ाई के लिए कांग्रेस से साथ आने की अपील की है। शिवसेना (यूबीटी) लगातार इस बात पर जोर दे रही है कि भाजपा के खिलाफ सामूहिक लड़ाई ही एकमात्र रास्ता है। इधर, अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लेने के बाद कांग्रेस वैकल्पिक गठबंधनों पर विचार कर रही है। मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में शरद पवार से मुलाकात की, जिससे कांग्रेस–एनसीपी के पुराने गठबंधन के फिर से मजबूत होने के संकेत मिले हैं। इसके अलावा प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) के साथ भी बातचीत जारी है। ठाकरे भाइयों के गठबंधन की औपचारिक घोषणा जल्द होने की संभावना है और बीएमसी चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया भी शुरू होने वाली है। ऐसे में समय तेजी से निकल रहा है. यदि कांग्रेस अपने फैसले पर पुनर्विचार करती है, तो सीटों के बंटवारे, साझा घोषणा पत्र और संयुक्त प्रचार की योजना तुरंत बनानी होगी। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या मुंबई कांग्रेस अपने एकला चलो के फैसले पर पुनर्विचार कर बीएमसी चुनाव में महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के साथ उतरेगी?

# भारत के नए मुक्तव्यापार समझौते से खेत से लेकर कारखाने तक रोजगार और समृद्धि बढ़ेगी

पीयूष गोयल

भारत–न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यापार कूटनीति में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम को प्रतिबिंबित करता है – यह रोजगार सृजन को तेज करता है, निवेश को बढ़ावा देता है और भारत के छोटे व्यवसायों, छात्रों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए परिवर्तनकारी अवसरों के द्वार खोलता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री महामहिम क्रिस्टोफर लक्सन द्वारा संयुक्त रूप से घोषित यह समझौता, मोदी सरकार किया गया सातवां एफटीए है और 2025 का तीसरा प्रमुख व्यापार समझौता है, जो ब्रिटेन और ओमान के साथ हुए ऐतिहासिक, लाभकारी समझौतों के बाद हुआ है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये सभी एफटीए विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ हैं, जिनकी प्रति व्यक्ति आय भारत से काफी अधिक है। यह एफटीए वैश्विक व्यापार वार्ताओं में भारत की बढ़ती शक्ति और विश्वसनीयता को रेखांकित करता है। प्रत्येक समझौते पर सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद वार्ता की गई है, जिससे संतुलित परिणाम सामने आये हैं और विकसित दुनिया के साथ वास्तविक लाभकारी सहभागिता सुनिश्चित हुई है। रोजगार, विकास और बाजार पहुंच इस एफटीए का एक केंद्रीय स्तंभ रोजगार सृजन है। न्यूजीलैंड भारतीय निर्यात की शत–प्रतिशत पहुंच के लिए शून्य–शुल्क की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे भारत के श्रम–गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र, चमड़ा, परिधान, जूते, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प और इंजीनियरिंग वस्तुओं को अत्यधिक बढ़ावा मिलेगा। इसका सीधा लाभ भारतीय श्रमिकों, कारीगरों, महिला उद्यमियों, युवाओं और एमएसएमई क्षेत्र को मिलेगा। भारत ने अपनी बाजार पहुँच और सेवाओं की पेशकश को भी सुरक्षित किया है, जिसमें दूरसंचार, निर्माण, आईटी, वित्तीय सेवाएं, यात्रा और पर्यटन समेत 118 सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया है। यह विस्तारित पहुंच, भारतीय पेशेवरों और व्यवसायों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार और विकास के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगी। पेशेवरों, छात्रों और युवाओं के लिए अवसर इस समझौते में भारतीय पेशेवरों और छात्रों के लिए प्रवेश और रहने के बेहतर प्रावधान हैं। यह समझौता अध्ययन के दौरान काम करने के अवसर, अध्ययन के बाद रोजगार और एक सुव्यवस्थित कार्य–अवकाश (वर्किंग–हॉलिडे) वीज़ा व्यवस्था को सक्षम बनाता है। एसटीईएम स्नातक और परास्नातक अब तीन वर्षों तक काम कर सकते हैं, जबकि डॉक्टरेट शोधकर्ता चार वर्षों तक काम कर सकते हैं, जिससे भारत के युवाओं के लिए अभूतपूर्व वैश्विक अनुभव और कैरियर के मार्ग खुलते हैं। एक नया अस्थायी रोजगार प्रवेश वीज़ा उन कुशल भारतीय पेशेवरों का समर्थन करता है, जो अंतरराष्ट्रीय अवसरों की तलाश में हैं। किसानों की तरक्की प्रधानमंत्री मोदी का विज़न स्पष्ट हैरू भारतीय किसानों को वैश्विक मंच पर सार्थक भूमिका निभानी चाहिए। एफटीए इस प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। इस समझौते के तहत सेब, कीवी और शहद को शामिल करते हुए एक कृषि उत्पादन साझेदारी स्थापित की गई है, जिसका उद्देश्य घरेलू उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाना है। न्यूजीलैंड ने बासमती चावल के लिए जीआई स्तर सुरक्षा देने की भी प्रतिबद्धता जताई है, जिससे भारतीय चावल किसानों को मजबूत समर्थन मिलेगा। महत्वपूर्ण रूप से, भारत ने सुनिश्चित किया है कि चावल, डेयरी, गेहूं, सोया और अन्य प्रमुख कृषि उत्पाद जैसे संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह से सुरक्षित रहें और किसी भी बाज़ार के खुलने से घरेलू आजीविका को कोई नुकसान ना पहुंचे। अभिनव एफटीए और निवेश प्रतिबद्धताएं भारत के एफटीए आज सिर्फ शुल्क–कटौती से कहीं आगे बढ़ गये हैं। ये एफटीए किसान, एमएसएमई, महिलाओं और युवाओं के लिए नए अवसर खोलने के उपाय हैं, साथ ही ये राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा भी करते हैं। विभिन्न व्यापार समझौतों से भारतीय निर्यात तत्काल या तेज शुल्क उन्मूलन के जरिये लाभान्वित होता है, जबकि भारत के अपने बाजार का खुलना सोच–समझकर और धीरे–धीरे हो रहा है। न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में 20 बिलियन डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रतिबद्धता जताई है, जो भारत के ईएफटीए देशों – स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टाइन – के साथ हुए एफटीए के निवेश से जुड़े अभिनव प्रावधानों को दर्शाता है। न्यूजीलैंड के लिए, यह भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में एक बड़े छलांग का प्रतीक है। पिछले 25 वर्षों में, न्यूजीलैंड ने भारत में लगभग 643 करोड़ रुपये का निवेश किया है। नई प्रतिबद्धता – अगले 15 वर्षों में लगभग 1. 8 लाख करोड़ रुपये – एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें निवेश लक्ष्यों को पूरा न करने पर दुबारा पूरा करने की व्यवस्था का प्रावधान है। इस निवेश का अधिकांश हिस्सा कृषि, डेयरी, एमएसएमई, शिक्षा, खेल और युवाओं के विकास का समर्थन करेगा, जिससे व्यापक और समावेशी विकास सुनिश्चित होगा। भारत का पहला महिला–नेतृत्व वाला एफटीए यह समझौता एक ऐतिहासिक उपलब्धि हैरू यह भारत का पहला महिला–नेतृत्व वाला एफटीए है। वार्ता करने वाली पूरी टीम के सदस्यों में – मुख्य वार्ताकार और उपमुख्य वार्ताकार से लेकर वस्तु, सेवा, निवेश की प्रतिनिधि और न्यूजीलैंड में हमारी राजदूत तक – अधिकाँश महिलायें थीं। हमारी सक्षम महिलाएं प्रधानमंत्री के विकास एजेंडा में नेतृत्व भूमिका निभाने लगी हैं। भारत की एफटीए रणनीति भारत–न्यूजीलैंड एफटीए भारत की स्पष्ट रणनीति का उदाहरण हैरू विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ साझेदारी करना, जो भारतीय उत्पादों के साथ अनुचित प्रतिस्पर्धा किए बिना भारत के श्रम–प्रधान उद्योगों के लिए अपने बाजार खोलती हैं। मोदी सरकार के तहत हुए व्यापार समझौते मात्र लेन–देन नहीं हैंकृ ये अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और भारतीयों, विशेषकर सबसे गरीब लोगों, के जीवन को बेहतर बनाने के व्यापक मिशन का हिस्सा हैं। इस रणनीति ने भारत के 2014 के श्कमजोर पांचश में से एक होने की स्थिति को बदल दिया है, अब देश वैश्विक विकास का इंजन और वैश्विक स्तर पर व्यापार और निवेश का पसंदीदा साझेदार बन गया है। आज भारत आत्मविश्वास और ताकत के साथ वार्ता करता है तथा यह सुनिश्चित करता है कि कृषि, डेयरी और अन्य संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित रहें और समझौते केवल तभी किए जाएं, जब वे पारस्परिक लाभ प्रदान करते हों। व्यापार शासन में ताजगी भरा बदलाव भारत का वर्तमान दृष्टिकोण अतीत की तुलना में बहुत अलग है। पहले की व्यापारिक नीतियाँ अक्सर पर्याप्त परामर्श के बिना, भारतीय बाजारों को सस्ते आयात के जोखिम में डाल देती थीं तथा छोटे व्यवसायों और नौकरियों को खतरे में डालती थीं। प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व ने वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा, विश्वसनीयता और वार्ता शक्ति को बहाल किया है। भारत–न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), जिसे भारतीय उद्योग जगत में सराहना मिली है, 2014 के बाद शासन में हुए इस ताजगी भरे बदलाव का परिणाम है। वस्तु, सेवा, निवेश और गतिशीलता को एकीकृत करके और राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा करते हुए, यह समझौता भारत की आधुनिक, समावेशी और संतुलित व्यापार कूटनीति को प्रतिबिंबित करता है। जैसे–जैसे भारत और न्यूजीलैंड आर्थिक एकीकरण को मजबूत कर रहे हैं, यह एफटीए दिखाता है कि व्यापार कैसे बाजार को खोल सकता है और सीमाओं के पार मानव–केंद्रित विकास और साझा समृद्धि प्रदान कर सकता है।

(लेखक केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं)

# एनएच-19 पर सीएनजी टैंक में ऑटो से देशी शराब बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

दुर्गावती, कैमूर। जिले के स्थानीय दुर्गावती में बुधवार की सुबह सुबह एनएच–19 पर सघन वाहन जांच के दौरान एक कार में सीएनजी टैंक और एक ऑटो से भारी मात्रा में देसी शराब बरामद की गई। इस कार्रवाई में तीन तस्करों को गिरतार किया गया। उत्पाद विभाग के अनुसार तस्कर कार के



सीएनजी टैंक मेंसीएनजी की जगह अवैध शराब छुपा कर उत्तर प्रदेश से बिहार ले जा रहे थे। शराब बिहार मेंखपाने की तैयारी थी। जांच अभियान के दौरान उत्तर प्रदेश की ओर सेआ रही एक कार को रोका गया जिसमें सीएनजी टैंक से अंग्रेजी शराब मिली। इसी क्रम में एक ऑटो की तलाशी लेने पर उससे देसी शराब बरामद हुई कार में सवार दो तस्करों की पहचान पटना के राम.ष्ण नगर और मीठापुर के निवासी के रूप में हुई जबकि ऑटो चालक की पहचान की जा रही है। उत्पाद विभाग के पदाधिकारी गुंजेश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गौतम कुमार के नेतृत्व में नए साल के मद्देनजर एनएच–19 पर अवैध शराब के खिलाफ विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। जब्त की गई शराब और दोनों वाहनों की अनुमति अनुमानित कीमत लगभग दो लाख बताई जा रही है। शराब की सटीक मात्रा का आंकलन किया जा रहा है। पुलिस ने अवैध शराब और दोनों वाहनों को जब्त कर तीनों तस्करों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# लोकसभा के शीतकालीन सत्र के बाद लोकसभा क्षेत्र पहुंचे घोसी सांसद

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। घोसी सांसद राजीव राय अपने संसदीय क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। संसद के शीतकालीन सत्र के समापन के तुरंत बाद घोसी सांसद राजीव राय अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे। जहां घोसी सांसद राजीव राय बतौर मुख्य अतिथि विकासखंड रानीपुर के अंतर्गत जनता पीजी कॉलेज के संस्थापक, भूतपूर्व सांसद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बाबू उमराव सिंह की 26वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुए। अपने संबोधन के दौरान घोसी सांसद ने बताया कि अब तक



अपने 1 साल के कार्यकाल में घोसी सांसद राजीव राय सदन में सबसे ज्यादा उपस्थित रहने वाले, सबसे ज्यादा सरकार से प्रश्न करने वाले, और घोसी लोकसभा के परि.श्य में सबसे ज्यादा डिबेट में हिस्सा लेने वाले एकमात्र सांसद हैं। घोसी सांसद राजीव राय ने अपने संबोधन में भूतपूर्व सांसद तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे स्वर्गीय बाबू उमराव सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित किया। घोसी सांसद राजीव राय ने कहा कि हम किसी विकास पुरुष के कार्यों का अनुकरण करके, उनसे सीख कर, उनके जैसा बनने का प्रयत्न कर सकते हैं, लेकिन हम खुद को ही विकास पुरुष का तमगा देने लगें, यह उचित नहीं। घोसी सांसद राजीव राय इस कार्यक्रम के बाद अन्य विभिन्न कार्यक्रमों में भी शामिल हुए।

# पूर्व सभासद बने एआईएमआईएम के खीरी नगर अध्यक्ष

## – जिलाध्यक्ष नसीम खान ने दी जिम्मेदारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष नसीम खान ने कस्बा खीरी के संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए नगर पंचायत के पूर्व सभासद मो0 वकील को खीरी कस्बे का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनके साथ दो दर्जन से अधिक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व सभासद मो0 वकील को खीरी



कस्बे का नगर अध्यक्ष नियुक्त से न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है बल्कि क्षेत्र की राजनीति हलचल तेज हो गई है। पूर्व सभासद मो0 वकील खीरी की सियासत में अहम किरदार रखते है। पूर्व सभासद मो0 वकील को खीरी कस्बे का नगर अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से एआईएमआईएम में उत्साह दिखाई दे रहा है। इस मौके पर एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष नसीम खान, युवा संगठन के जिलाध्यक्ष मो आसिफ उर्फ आशु ने उन्हें पार्टी के हक में सक्रियता के साथ काम करने के निर्देश देते हुए उम्मीद जताई कि वह जल्दी संगठन का विस्तार करके पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे। इस दौरान यूथ के जिला महामंत्री सैयद आलीशान जैदी, जिला कोष अध्यक्ष, अरशद आरफी, सिंगाही नगर अध्यक्ष अब्दुल रहमान अंसारी, मोहम्मद मोनिस फारूकी, रिजवान अहमद मंसूरी, सफी अहमद, चांद बाबू, अशफाक खान, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद शफी, मुश्ताक अली, मोहम्मद मोईद, आफताब आलम उर्फ छोटू, डॉक्टर एहराज अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने ऊसराहार में चलाया मिशन शक्ति अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो / इटावा। जनपद में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बुधवार को थाना ऊसराहार पर गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा ऊसराहार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत पंपलेट वितरित किए गए तथा



उन्हें सुरक्षा, स्वास्थ्य, साइबर अपराध से बचाव एवं सरकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं व बालिकाओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का त्वरित उपयोग कर वे स्वयं को सुरक्षित रख सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य सेवाओं की जानकारी दी गई तथा उनके उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही मिशन शक्ति टीम द्वारा विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारतध्पीएमजेएवाई स्वास्थ्य बीमा योजना एवं छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं से अपील की कि वे सुरक्षित और सतर्क रहते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें पढ़ाई को प्राथमिकता दें तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने एवं परिवार के भविष्य को सशक्त बनाएं। साथ ही प्राप्त जानकारी को परिवार, पड़ोसियों एवं मित्रों के साथ साझा करने का भी संदेश दिया गया।

# पंसारी टोला व लालपुरा जैन मंदिर में जैनाचार्य का मनाया समाधि दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। शहर के पंसारी टोला एवं



लालपुरा स्थित जैन मंदिरों में जैन धर्म के महान तपस्वी आचार्य श्री 108 सन्मति सागर महाराज का समाधि दिवस श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिव्य तपस्वी आचार्य 108 सुंदर सागर महाराज के आदेशानुसार एवं मुनि श्री 108 विश्वास सागर महाराज के सानिध्य में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, लालपुरा में प्रातःकाल श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा पुजारियों द्वारा संपन्न कराई गई। इसके उपरांत तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मति सागर महाराज के समाधि दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा का केसर जल से अभिषेक एवं पंचामृत शांतिधारा मुनि श्री के मुखारविंद से कराई गई। इस दौरान हरे नारियल, फल–फूल अर्पित कर विधिवत पूजन किया गया। साथ ही आचार्य श्री 108 सुंदर सागर महाराज की भी श्रद्धापूर्वक पूजन–अर्चना की गई। वहीं, प्राचीन श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, पंसारी टोला में तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मति सागर महाराज की प्रतिमा का केसर जल से अभिषेक किया गया तथा चरणों में केसर अर्पित कर श्रद्धालुओं ने गुरुजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। अष्टद्रव्य एवं पुष्पों के साथ पूजन कर भक्ति भाव से महाआरती संपन्न हुई। सायंकालीन कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा भगवान एवं गुरुओं के भजनों का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चौ. स्वदेश जैन, अमरजीत जैन, नरेश जैन, मोनू जैन, चौ. अभिनंदन जैन 'नंदू' (पत्रकार), वीरेंद्र जैन, वैभव जैन, पीयूष जैन, अनिल जैन, संतोष जैन, राजू जैन,सुनील जैन ,सोनू जैन मोहित जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गुणवत्ता व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक करना जरूरी : अश्वनी

## - राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर महिलाओं के बीच उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कोमल फाउंडेशन द्वारा भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार की नोएडा शाखा के सहयोग से उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बजरंग पैलेस, टापा कलां बौद्ध आश्रम रोड स्थित महिला समूह के बीच किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उपभोक्ता अधिकारों, कर्तव्यों तथा सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खरीदारी के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के महत्वपूर्ण प्रावधानों, उपभोक्ता शिकायत निवारण की प्रक्रिया तथा जागरूक उपभोक्ता बनने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने कहा कि गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ताओं का जागरूक होना बेहद आवश्यक है। मानकों की सही जानकारी से उपभोक्ता सुरक्षित और बेहतर उत्पादों का चयन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा 'बीआईएस केयर' ऐप लॉन्च किया गया है, जिसके माध्यम से उपभोक्ता उत्पादों की गुणवत्ता की जांच कर सकते हैं तथा अपनी शिकायतें भी दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने महिलाओं को फर्जीवाड़े मिलावट एवं भ्रामक विज्ञापनों से सतर्क रहने की सलाह देते हुए डिजिटल युग में बढ़ती ऑनलाइन खरीदारी के दौरान साइबर ठगी से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्कारशाला की शिक्षिका भावना राठौर और ताज सेवा समिति के अध्यक्ष सलीम धम्मू ने महिला उपभोक्ताओं



को उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर, उपभोक्ता अदालतों की कार्यप्रणाली तथा शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं ने उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित जानकारी को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान कोमल फाउंडेशन के लाखन सिंह, अनिल कुमार वर्मा, विनीता देवी, वंदना राठौर, शकुंतला देवी, प्रियंका आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# ब्लॉक स्तर पर लंबित आवेदनों का शीघ्र सत्यापन कर करें प्रेषित

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में कल देर शाम कैंप कार्यालय पर जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की जानकारी देते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल 8552 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिनमें से 5027 लाभार्थियों को प्रथम किस्त प्रेषित की जा चुकी है। 45 लाभार्थियों का एसएनए का कोड जनरेट न होने के कारण पैसा प्रेषित नहीं किया जा सका है। इसी प्रकार विभिन्न विकास खण्डों में कुल 1559 पत्रावलियां सत्यापन हेतु लंबित है जिनमें सर्वाधिक 367 पत्रावली विकास खंड परदहा में लंबित है। जिलाधिकारी ने समस्त विकास खण्डों के एडीओ पंचायत को 15 जनवरी के पूर्व सभी पत्रावलियों की जांच कर पत्रावली प्रेषित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्रथम किश्त निर्गत के उपरांत द्वितीय किश्त निर्गत हेतु 14536 के सापेक्ष 5236 लाभार्थियों को द्वितीय किस्त की धनराशि निर्गत की जा चुकी है। शेष लाभार्थियों को धनराशि उपलब्ध होने के उपरांत द्वितीय किश्त निर्गत की जाएगी। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु वेबसाइट पर पेंडिंग आवेदनों के सत्यापन की प्रगति की रिपोर्ट बताते हुए जिला पंचायत अधिकारी ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष कुल 91767 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 31979 पात्र एवं 53219 अपात्र पाए गए। अभी भी 6569 आवेदन सत्यापन हेतु लंबित हैं। जिलाधिकारी ने यथाशीघ्र समस्त लंबित आवेदनों का सत्यापन करने तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर व्यक्तिगत शौचालय उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक के दौरान समस्त एडीओ पंचायत को आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण हेतु ग्राम पंचायत निधि से जारी की जाने वाली धनराशि को तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य शीघ्र हो पूर्ण हो सके। इसके अलावा 15 वें वित्त की उपलब्ध धनराशि का भी यथाशीघ्र उपभोग करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, जिला पंचायत अधिकारी कुमार अमरेंद्र, समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं समस्त एडीओ पंचायत उपस्थित रहे।

# पूर्व पीएम किसान नेता चौधरी चरण सिंह की 123 वीं जयंती मनाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। दोहरीघाट में पूर्व प्रध



ानमंत्री श्री चौधरी चरण सिंह जी की जयंती राष्ट्रीय लोकदल के तत्वावधान में आयोजित की गई। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री किसान नेता भारतरत्न चौधरी चरण सिंह जी 123 वीं जयंती मनाई गई। चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा दोहरीघाट पम्प कैनाल पर स्थापित किया गया। चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प दीप प्रज्ज्वलित कर फूल–मालाएं चढ़ाकर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव देव प्रकाश राय द्वारा मूर्ति स्थापना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय लोकदल के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री किसान नेता चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में अपने सम्बोधन के दौरान राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव देव प्रकाश राय ने कहा कि जमींदारी उन्मूलन, चकबंदी का कानून, ग्रामीण विकास मंत्रालय की स्थापना, नाबार्ड बैंक की स्थापना, एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन चौधरी चरण सिंह जी के मुख्य कार्य है। इस अवसर पर लोकदल के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा गुण्डा मुक्त प्रशासन देने के लिए प्रदेश सरकार की सराहना करते रहे। जिला महामंत्री भारतेन्दु राही ने उत्तर प्रदेश सरकार से शारदा खण्ड 32 में पानी उपलब्ध कराने हेतु प्रबंध करने की मांग किया। जिससे जनपद के दोहरीघाट, बडराव, घोसी, और कोपागंज में पानी की समस्या को दूर हो सके। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। जिसमें मुख्य रूप से देव प्रकाश राय, देवेन्द्र सिंह, भारतेन्दु राही, रामनवल राही, वाचरियन शाही, उजागीर प्रजापति, मुहम्मद जरीन, मुहम्मद जरीशा, सर्वेश कुमार राय, सतीश शाही, प्रवीण कुमार राय, गणेश यादव, सब्बीर यादव, अजय कुमार गोंड, अजित यादव मौजूद रहे।

# सीएम आवास योजना ग्रामीण में 1207 आवास स्वीकृत

## - 632 लाभार्थियों के बैंक खातों में आई प्रथम किस्त



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्गदर्शन और मुख्य विकास अधिकारी के प्रयासों से शासन द्वारा जनपद को आवंटित 1207 आवासों के लक्ष्य के सापेक्ष सभी 1207 आवासों की स्वी.ति प्रदान कर दी गई है। अब तक 632 लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रथम किस्त की धनराशि सीधे व हस्तांतरित की जा चुकी है जिससे निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रथम किस्त प्राप्त करने वाले सभी लाभार्थियों द्वारा अपने आवासों की नींव भरने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने अपने कक्ष में समीक्षा करते हुए समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता न किया जाए, साथ ही द्वितीय किस्त की धनराशि लाभार्थियों के खाते में अभिलंब जारी की जाए, ताकि निर्माण कार्य लेंटर स्तर तक पहुंच जाए, ग्राम विकास अधिकारी व्यक्तिगत रूप से साइट का निरीक्षण करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि आवास निर्माण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। लक्ष्य यह है सभी स्वी.त आवासों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराकर लाभार्थियों को छत मुहैया कराई जाए।

# आरक्षी से पदोन्नत हुए उपनिरीक्षक को एसपी ने लगाए स्टार

न्यूज वाणी ब्यूरो




बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल व सहायक पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक द्वारा चुनाव कार्यालय में तैनात मुख्य आरक्षी भानु प्रताप वर्मा के उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर स्टार लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कार्य क्षेत्र में आने वाली नवीन चुनौतियों के बारे में अवगत कराया गया साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# हत्यारोपी को थाना तिंदवारी पुलिस ने किया गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो




बांदा। थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा व्यक्ति की गैर–इरादतन हत्या वाले वांछित अभियुक्त को गिरतार कर लिया गया। गौरतलब हो कि 21 दिसंबर को थाना तिन्दवारी क्षेत्र के ग्राम मिरगहनी में दो पक्षों द्वारा दारू पीने के दौरान आपसी विवाद में दुर्विजय पुत्र चुन्नु को ईंट से मारकर कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर पर थाना तिन्दवारी में अभियोग पंजी.त किया गया था। इसी क्रम में बुधवार को थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा अभियुक्त को गजनी मोड़ के पास से गिरतार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त ईंट को बरामद किया गया। पकड़े गए अभियुक्त दीपू उर्फ पुत्र योगेन्द्र निवासी मिरगहनी थाना तिन्दवारी के विरुद्ध मु0अ0सं0 315 / 25 धारा 105 बीएनएस थाना तिन्दवारी में अभियोग दर्ज किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रोशनी सेंगर, हे0का0 बृजेश कुमार, का0 आशीन कुमार शामिल रहे।

# फतेहगंज में किसान मेला, विराट दंगल व रामलीला का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो




फतेहगंज, बांदा। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्राम फतेहगंज स्थित बजरंग बली प्रांगण में 6 दिवसीय किसान मेला, विराट दंगल एवं रामलीला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मेला प्रबंधक एवं पत्रकार श्रीराम गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन 28 दिसंबर से 2 जनवरी तक चलेगा। मेले के दौरान धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ–साथ रामलीला का आकर्षक मंचन किया जाएगा। वहीं 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक विराट दंगल का आयोजन होगा, जिसमें दूर–दराज से आए नामी पहलवान अपने दमखम का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन को लेकर ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। मेला समिति द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं और दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# केन आरती में बांग्लादेश के हिन्दुओं को लेकर जताई चिंता

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मंगलवार की शाम केन घाट पर केन जल महाआरती कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धालुओं द्वारा आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में



आयोजित किया गया। इस मौके पर बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ अत्याचार को लेकर श्रद्धालुओं ने चिंता जताई। साथ ही सभी ने एक स्वर में भारत सरकार से मांग की है कि भारत सरकार आवश्यक कार्यवाही करते हुए बांग्लादेश के हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोके और उनके साथ दुर्व्यवहार और अत्याचार जैसी घटनाओं को रोकने का काम करे। सभी ने भारत सरकार से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेकर जल्द ही कोई ठोस कदम उठाए और आवश्यक कार्यवाही करे। जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि लगातार बांग्लादेश में कट्टर इस्लामी मुसलमान के द्वारा हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है जिसके वजह से आज हिंदू बांग्लादेश में डरा हुआ है बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ अत्याचार हो रहा है और उनके घर भी तोड़े जा रहे हैं। इस दौरान कार्यक्रम में जेल चौकी प्रभारी अनुराग पांड्येय जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष ठाकुर सतेंद्र प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष .ष्ण चंद्र प्रजापति लोहा सिंह अविनाश राय जिला प्रचार मंत्री रजनीश प्रजापति सहित तमाम पदाधिकारी लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम नानपारा ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। निर्धन, असहाय व निराश्रितों को कड़ाके की ठण्ड से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से सआदत इण्टर कालेज में आयोजित कम्बल



वितरण कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने तहसीलदार नानपारा रविकान्त द्विवेदी व नायब तहसीलदार बलहा के साथ उपस्थित 30 ग्रामवासियों को कम्बल का वितरण किया। एसडीएम ने कहा कि कोई भी जरूरतमन्द व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो इसके शासन व जिला प्रशासन के नेतृत्व में तहसील प्रशासन पूरी तरह से सजग एवं तत्पर है। उन्होंने तहसील प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि शीतलहर के दौरान निरंतर सर्वे कर वास्तविक जरूरतमंदों को चिन्हित कर उन्हें समय से सहायता उपलब्ध करायी जाय। सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि वितरण कार्य पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया जाए।

# दीपू दास की हत्या पर हिंदू संगठनों ने भरी हुंकार

न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर, सीतापुर। बांग्लादेश में हिन्दू दीपू दास की हत्या और जिंदा जलाकर मार डाला जिस पर हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त है जिसे लेकर तंबौर के खेसा



मोड़ चौराहे पर तंबौर नगर क्षेत्र सहित हिंदू शेर सेना, अखंड हिन्दू वाहिनी, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, भाजपा सहित सभी संगठनों के कार्यकर्ताओं बंग्लादेश का पुतला फूंककर खूब किया नारे बाजी और कहा की एक हिंदू को मारेंगे तो हम दस जिहादी मारेंगे चुपचाप बैठने वाले कार्यकर्ता नहीं है हम घर में घुसकर मारेंगे भाजपा बेहटा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया की जो बंग्लादेश में हुआ है बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण है और मैं सभी संगठनों के कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे |इस मौके पर भाजपा नेता जयकुमार वर्मा, संतोष वर्मा, दीपक यज्ञसैनी जिला सह प्रचारक सीतापुर,योगेश कुमार तिवारी, अमित कुमार सिंह बेहटा मंडल अध्यक्ष, दिनेश शुक्ला, पंकज कुमार तिवारी, संजय अवस्थी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। तंबौर पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# अटल प्रतिमा व अटल पथ लोकार्पण से पूर्व मंत्रियों का स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। बुधवार को डीएम चौराहा स्थित भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा एवं अटल पथ के लोकार्पण कार्यक्रम से पूर्व चौपला कट पर भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा के नेतृत्व में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह तथा प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति का बुके भेंट कर व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में



उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों मंत्रियों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। नेताओं ने अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व एवं .तित्व को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर रविन्द्र गुप्ता, एडवोकेट आदित्य मोहन, राजू तिवारी, विनीत अवस्थी, मंडल मंत्री अजय ठाकुर, ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, मंडल अध्यक्ष विनोद चौहान समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# अटल जयंती की पूर्व संध्या पर चलाया स्वच्छता अभियान

## - अटल पार्क में रोशनी कर मनाया दीपोत्सव पर्व

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जन्म जयंती पर भाजपा द्वारा मनाये जा रहे अटल स्मृति पखवाडा कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला परिषद पार्क में स्थापित अटल जी की मूर्ति व परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तत्पश्चात दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अगुवाई में पार्टी के पदाधिकारियों व



कार्यकर्ताओं ने जिला पंचायत परिसर पहुँचकर पूर्व प्रधानमंत्री की मूर्ति एवं पूरे पार्क परिसर की साफ सफाई धुलाई की। इसके पश्चात् शाम को परिसर में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत पूरे पार्क में दीप जलाकर एवं लाइट झालरों से रोशनी की गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिवस को अटल स्मृति पखवाडा के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है जिसके तहत आज स्वच्छता अभियान व दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। 25 दिसंबर को दोपहर 12 बजे भाजपा जिला कार्यालय में एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिसका उदघाटन जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद व सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी करेंगे तत्पश्चात अटल जी के जीवन परिचय पर आधारित एक संगोष्ठी होगी। इसी प्रकार आगे भी अन्य कार्यक्रम आयोजित कर अटल जी के ऐतिहासिक निर्णयों, नेतृत्व क्षमता, और संघर्षशील व्यक्तित्व को जन मानस तक पहुँचाया जायेगा स इसी प्रकार संसद में घुसपैठियों के मुद्दे पर भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए वक्तव्य के वीडियो क्लिप को स्क्रीन के माध्यम से जिला व मण्डल स्तर पर प्रदर्शित किया जायेगा। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख बड़ेखर सोनू, पालिकाध्यक्ष मालती बासू, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, दुर्गा चौरसिया, उत्तम सक्सेना, पंकज रायक्रवार, अमित सेठ भोलू, राजेश गुप्ता रज्जन, लखन सिंह राजपूत, डा पी एन वर्मा, धीरेन्द्र सिंह धीरू, राजेश गुप्ता, नीरज त्रिपाठी, नीलू निगम, चन्द्रभूषण सोनी, दिनेश शुक्ला, इंद्रजीत राजपूत, अलोक प्रजापति आदि मौजूद रहे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान

फैसल चश्मे वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्मे बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रतौंधी, धुन्ध, आपरेशन ऑफ दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्मे बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं काम की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लेसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

फैसल चश्मे वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) PMP | हाजी खलील अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक 9415065213 | एफ.ए.जाफरी D.R. (Opt.) 7379440876

# नगर पंचायत की एक अस्थायी गौशाला का निर्माण केवल कागजों में

## - नगर पंचायत की लापरवाही के चलते एक बछड़े की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी, टाउन खीरी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां गोवंश



की सुरक्षा को अपनी सरकार का पहला संकल्प बता रहे हैं, वहीं नगर पंचायत खीरी में इसकी तस्वीर बिल्कुल उलट नजर आ रही है। नगर पंचायत की लापरवाही के चलते एक बछड़े की मौत हो गई, जिससे प्रशासनिक कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद के लवकुश सिंह के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक गौवंश प्रेमी नगर पंचायत खीरी कार्यालय पहुंचे और मृत बछड़े का शव कार्यालय परिसर में रखकर नगर पंचायत प्रशासन के प्रति नाराजगी व्यक्त की। गौवंश प्रेमियों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा एक अस्थायी गौशाला का निर्माण केवल कागजों में दर्शाया गया है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि आज तक वह गौशाला चालू नहीं हो सकी। कागजों में गौशाला और सड़कों पर भटकता गोवंश नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। इस दौरान गौवंश प्रेमियों ने अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार पर सीधे आरोप लगाए और कहा कि "कितना पैसा और कहां तक ले जाओगे, ऊपर जाकर क्या मुंह दिखाओगे?" उनका कहना था कि नगर पंचायत कमीशन की अंधी दौड़ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोवंश सुरक्षा संबंधी आदेशों को भुला चुकी है। गौवंश प्रेमियों ने यह भी आरोप लगाया कि अधिशासी अधिकारी समाजवादी पार्टी के चेयरपर्सन व उनके प्रतिनिधि के मार्गदर्शन पर कार्य कर रहे हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों को दरकिनार किया जा रहा है। विकास कार्यों की बात करें तो कस्बा खीरी में नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन कार्यों में दूर से ही कमीशन की बू महसूस होती है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि गोवंश की सुरक्षा में लापरवाही और घटिया निर्माण कार्य जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को आखिर क्यों नजर नहीं आ रहे हैं।

# आयुष्मान कार्ड अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें जनपद के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्साधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी के अतिरिक्त समस्त अपर एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं गौरव शाक्य, डी.आई.एस.एम. व अतुल दीक्षित, डीजीएम, विशाल तिवारी आशुलिपिक एवं भानू प्रकाश, डी.पी.एम. आदि उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि समस्त एम.ओ. आई.सी., बी.पी.एम., बी.सी.पी.एम., बी.



ए.एम. एवं जिला स्तरीय टीम प्रतिदिन क्षेत्र में भ्रमण कर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तथा आशा, संगनी आदि द्वारा बनाये जा रहे आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करें एवं शत–प्रतिशत लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड जारी करायें। साथ ही खराब प्रगति वाले एम.ओ.आई.सी., सी.एच.ओ. तथा आशाओं के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया। साथ ही प्रत्येक एम.ओ.आई.सी. को आदेशित किया गया कि वह सी.एच.ओ. एवं आशाओं द्वारा प्रेषित सूचना का भौतिक सत्यापन करें एवं दूरभाष पर लाभार्थियों से वार्ता कर आयुष्मान भारत कार्डों का सत्यापन करें। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बैठक में निर्देशित किया गया कि समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बी.पी.एम., बी.सी.पी.एम., बी.ए.एम. प्रतिदिन प्रत्येक आशा एवं सी.एच.ओ. द्वारा बनाये जाने वाले आयुष्मान कार्डों की समीक्षा करें और दूरभाष पर लाभार्थियों से संपर्क कर बनाये गये कार्डों का सत्यापन करें और कार्य में लापरवाही करने वाले सी.एच.ओ. व आशाओं के विरूद्ध कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वह जगह–जगह शिविर लगवाकर समस्त लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवायें एवं प्रतिदिन समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करें साथ ही लाभार्थियों को आयुष्मान भारत कार्ड से होने वाले लाभों से अवगत करायें।

# अवैध अस्पताल में प्रसव बना मौत का कारण

## - बिसवां में महिला की मौत पर प्रशासन सख्त

## - अस्पताल संचालक सहित कई पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। बिसवां थाना क्षेत्र में एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान



महिला की मौत का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध रूप से संचालित आयुष्मान अस्पताल के संचालक, मकान मालिक और अस्पताल स्टाफ के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। थाना क्षेत्र के ग्राम पटना निवासी शाहनूर बानो को शनिवार रात प्रसव पीड़ा होने पर सांडा स्थित आयुष्मान अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसके चलते उपचार के दौरान ही प्रसूता की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और रविवार को मामला प्रशासन के संज्ञान में आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए। जांच टीम ने अस्पताल पहुंचकर दस्तावेजों की पड़ताल की और मृतका के परिजनों के बयान दर्ज किए। जांच में सामने आया कि प्रसूता की मौत ऑपरेशन के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव होने से हुई। जांच रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि आयुष्मान अस्पताल बिना किसी वैधा पंजीकरण और आवश्यक अनुमति के संचालित किया जा रहा था। अस्पताल में न तो निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं थीं और न ही जरूरी संसाधन उपलब्ध पाए गए। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आनंद कुमार मिश्रा की तहरीर पर बिसवां थाने में अस्पताल संचालक, मकान मालिक और स्टाफ के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है। प्रशासन ने साफ शब्दों में कहा है कि जिले में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों और लापरवाह चिकित्सकीय कार्यप्रणाली के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# नाबालिग बालिकाओं की सुरक्षित बरामदगी पर मिशन शक्ति टीम सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस की संवेदनशील पहल ऑपरेशन मुस्कान के तहत तीन नाबालिग बालिकाएं सकुशल बरामद, परिजनों को सौंपा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज के अंतर्गत मिशन शक्ति केन्द्र थाना जसवन्तनगर पुलिस टीम द्वारा त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए तीन नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। 23 दिसंबर को मिशन शक्ति केन्द्र थाना जसवन्तनगर पर सूचना प्राप्त हुई कि क्षेत्र के रेलमंडी मोहल्ला निवासी तीन नाबालिग बालिकाएं घर से बिना बताए कहीं चली गई हैं। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर आयुषी सिंह के नेतृत्व में थाना जसवन्तनगर पुलिस एवं मिशन शक्ति केन्द्र पर गठित टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। ऑपरेशन मुस्कान के तहत इलेक्ट्रॉनिक एवं मैन्युअल साक्ष्यों को संकलित कर बालिकाओं की तलाश की गई। त्वरित एवं सतर्क प्रयासों के परिणामस्वरूप मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी उ0नि0 शुभम वर्मा एवं म0आरक्षी संगीता द्वारा तीनों नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद किया गया। बरामदगी के उपरांत सभी बालिकाओं को मिशन शक्ति केन्द्र लाया गया, जहां टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग की गई तथा भविष्य में इस प्रकार की स्थिति से



बचने के लिए उन्हें समझाया गया। इसके पश्चात बालिकाओं को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपनी बेटियों को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, थाना जसवन्तनगर एवं मिशन शक्ति केन्द्र टीम की भूरि–भूरि प्रशंसा की। बरामद बालिकाओं में साक्षी पुत्री प्रेमपाल कठेरिया 16 वर्ष दिव्या पुत्री प्रेमपाल कठेरिया उम्र 17 वर्ष, प्रियापाल पुत्री नेत्रपाल, उम्र लगभग 16 वर्ष निवासी रेलमंडी, थाना जसवन्तनगर हैं। उल्लेखनीय है कि उक्त सराहनीय कार्य के लिए पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र थाना जसवन्तनगर की टीम को 10,000 के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# पुलिस ने ऊसराहार में चलाया मिशन शक्ति अभियान



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बुधवार को थाना ऊसराहार पर गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा ऊसराहार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत पंपलेट वितरित किए गए तथा उन्हें सुरक्षा, स्वास्थ्य, साइबर अपराध से बचाव एवं सरकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं व बालिकाओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का त्वरित उपयोग कर वे स्वयं को सुरक्षित रख सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य सेवाओं की जानकारी दी गई तथा उनके उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही मिशन शक्ति टीम द्वारा विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत/पीएमजेएवाई स्वास्थ्य बीमा योजना एवं छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं से अपील की कि वे सुरक्षित और सतर्क रहते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें पढ़ाई को प्राथमिकता दें तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने एवं परिवार के भविष्य को सशक्त बनाएं। साथ ही प्राप्त जानकारी को परिवार, पड़ोसियों एवं मित्रों के साथ साझा करने का भी संदेश दिया गया।

# फतेह सिंह व जोरावर सिंह की शहादत धार्मिक आस्था व साहस की प्रतीक

न्यूज वाणी ब्यूरो



ऊंचाहार, रायबरेली। महाराजा रणजीत सिंह के पुत्र जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह की कहानी इतिहास के सबसे मार्मिक और प्रेरणादायक अध्यायों में से एक है। दिसंबर 1704 में मात्र 9 और 6 वर्ष की आयु में उनकी शहादत उनके धर्म और सिद्धांतों के लिए सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। यह विचार बुधवार को ऊंचाहार ब्लॉक के शहीद स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि दोनों कम उम्र के बच्चों के अपने विश्वास में अडिग रहने और उनमें साहस और .ढ़ता की भावना का संचार युगों युगों तक प्रेरणा का श्रोत रहेगा। उनका अपने धर्म के प्रति अटूट विश्वास और साहस अत्याचार के विरुद्ध विद्रोह का प्रतीक बन गया था। भाजपा नेता ने कहा कि उनकी कहानी अन्याय के विरुद्ध अकल्पनीय विपत्तियों के बावजूद .ढ़ रहने के सिद्धांत का उदाहरण प्रस्तुत करती है। उनका जीवन चरित्र हमें विषम परिस्थितियों में भी अपने विश्वासों के लिए .ढ़ रहने के लिए प्रेरित करता है और मानवता को आस्था और साहस की शक्ति का स्मरण कराती है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, मंडल महामंत्री अरविंद शर्मा, विकास श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र सिंह, राजू सोनी, राजन कौशल, संजय यादव, दक्ष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी ने चलाया सीपीआर प्रशिक्षण व जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कोटेश्वर इण्टर कॉलेज रमवा में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा सीपीआर (कार्डियक पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाया। इस महत्वपूर्ण पहल का नेतृत्व इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी,



उत्तर प्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य और फतेहपुर के चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को सीपीआर की तकनीक और इसके महत्व से अवगत कराया। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि सीपीआर एक आपातकालीन प्रक्रिया है, जिसका उपयोग किसी व्यक्ति की अचानक हृदय गति रुकने पर उसकी जान बचाने के लिए किया जाता है। उन्होंने सीपीआर देने का सही तरीका समझाया। एक वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए, हृदय पर 30 बार दबाव और मुंह से 2 बार .त्रिम श्वास देने की प्रक्रिया तब तक जारी रखनी चाहिए, जब तक हृदय गति सामान्य न हो जाए। एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए, यह अनुपात 15 बार दबाव और 2 बार मुंह से सांस का होना चाहिए। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने इस बात पर जोर दिया कि सीपीआर की सही जानकारी से किसी भी आपात स्थिति में जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। इस अवसर पर प्रबंधक व प्रधानाचार्य डॉ. उमा शंकर तिवारी, समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, व स्टाफ व समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इस अभियान से कॉलेज के विद्यार्थी और कर्मचारी जीवन रक्षक कौशल से परिचित हुए।

# कोटेश्वर इण्टर कालेज में आयोजित हुई गणित प्रतियोगिता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जी की जयंती के अवसर पर आज कोटेश्वर इण्टर कालेज में गणित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंधक एवं इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ० उमाशंकर तिवारी बाल वाटिका की प्रधानाचार्या नीतू प्रजापति व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इसमें अलग अलग कक्षाओं से टीमों का निर्माण किया गया और अनेक राउंड में उनसे प्रश्न पूछे



गए। बहुत ही उत्साह के साथ बच्चों ने इसमें भाग लिया। कोटेश्वर बाल वाटिका से कक्षा 5 की टीम आर्यभट्ट व कोटेश्वर इण्टर कॉलेज की कक्षा 6 की टीम भास्कराचार्य, कक्षा 7 की टीम ब्रह्मगुप्त, कक्षा 8 की टीम रामानुजन, कक्षा 9 की टीम वरामिहिर, कक्षा 10 की टीम हरिश्चंद्र, कक्षा 11 की टीम माधव, व कक्षा 12 की टीम सतेंद्रनाथबसु ने गणित प्रतियोगिता में भाग लिया प्रतियोगिता में अनेकों प्रकार से शिक्षकों द्वारा प्रश्न पूछे गए जिसमें सभी टीमों ने अपनी अपनी तैयारी के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दिए, सभी टीमों ने बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी। अंततः परिणाम में प्रथम, द्वितीय, व तृतीय, स्थान की घोषणा की गई। जिसमें प्रथम स्थान पर बाल वाटिका से कक्षा 5 की टीम आर्यभट्ट द्वितीय स्थान पर इण्टर कॉलेज से कक्षा 6 की टीम भास्कराचार्य तृतीय स्थान पर इण्टर कॉलेज से कक्षा 12 की टीम सतेंद्रनाथबसु माननीय प्रबन्धक जी ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को एवं गणित अध्यापकों को पुरस्कार से सम्मानित किया एवं आशीर्वाद दिया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रसाद भी वितरित किया गया। समस्त स्टाफ शिक्षक शिक्षिकाये और समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# यदुवंश नगर फीडर की विद्युत आपूर्ति आज रहेगी बाधित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। 25 दिसंबर को विद्युत उपकेंद्र फ्रेंड्स कॉलोनी–2 से पोषित 11 केवी फीडर यदुवंश नगर पर जर्जर विद्युत तारों को बदले जाने का कार्य प्रस्तावित है। उक्त मरम्मत कार्य के चलते संबंधित फीडर की विद्युत आपूर्ति प्रातः 11 बजे से सायं 05 बजे तक पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से बाधित रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया गया है तथा उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जिला प्रशासन की विशेष पहल

## - डीएम के निर्देश पर कार्यदाई संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कई कार्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में विगत दिनों हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में



लिए गए निर्णयो एवं निर्देशों के क्रम में सड़क निर्माण से जुड़ी समस्त कार्यदाई संस्थाओं ने जमीन पर कार्य करना शुरू कर दिया है, जिसका असर भी देखने को मिला है। विगत पांच–छह दिनों में किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना की खबर नहीं आई है। निर्देशों के क्रम में एनएचएआई गोरखपुर द्वारा निर्मित वाराणसी–गोरखपुर हाईवे पर एंबुलेंस वाहन को चलाने तथा लगातार सड़क पर जहां–जहां पर भी वाहन खड़े दिख रहे हैं, उनको पेट्रोलियम टीम द्वारा चेतावनी देकर निरंतर हटाया जा रहा है। यह कार्य प्रतिदिन रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक किया जा रहा है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण गोरखपुर द्वारा प्रत्येक चौराहों पर स्पीड ब्रेकर एवं दिशा सूचक संकेतक भी लगा दिए गए हैं। एनएचएआई के अधिकारी वाहन द्वारा लगातार लोगों को धीमी गति से वाहन चलाने तथा ओवर स्पीडिंग से बचने की अपील भी कर रहे हैं। लोगों से यातायात के नियमों का पालन करने की भी अपील अधिकारियों द्वारा की जा रही है। नेशनल हाईवे पर होल्डिंग एरिया एवं लिंक रोड पर भी शाइनेज बोर्ड लगा दिए गए हैं जिससे लोगों को वस्तु स्थिति का अंदाजा रहे। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण आजमगढ़ के अधीन सड़क बलिया मोड़ से बलिया की तरफ जाने वाली रोड पर रोड स्टड, ब्लैक स्पॉटों पर रंबल स्ट्रिप/थर्मोप्लास्टिक वर्क्स, सड़क के किनारे झाड़ियो की साफ–सफाई, डेलीनियेटर लगाने, मोड वाले स्थलों पर सेवरान साइन बोर्ड लगाने तथा घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्पीड लिमिट का साइन बोर्ड लगाने का कार्य किया गया है। इसके अलावा बड़े पुल या पुलिया के पहले हेजार्ड साइन बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। भारी वाहनों पर रिलेक्टर लगाने का कार्य भी अनवरत रूप से किया जा रहा है। इसी प्रकार गन्ना पेराई सत्र प्रारंभ होने के कारण चीनी मिल घोसी के आसपास गन्ना लदे ट्रक एवं ट्रैक्टरों पर भी घोसी चीनी मिल की तरफ से रिलेक्टर लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे रात के अंधेरे या घने कोहरे की स्थिति में वाहन दूर से ही दिख सके एवं दुर्घटना की संभावना न रहे। इसके अलावा चीनी मिल घोसी द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सड़क पर गन्ना लदे वाहन खड़े ना रहे। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय एवं निर्माण खंड द्वारा भी उनके अधीन निर्मित सड़कों पर लगातार कार्रवाई में की जा रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा मॉडल सेफ रोड के रूप में चिन्हित लखनऊ बलिया मार्ग(एस एच 34) मऊ आजमगढ़ मार्ग पर रोड मार्किंग, ट्रांसवर्स बार मार्किंग तथा स्पीड टेबल टॉप का कार्य कराया गया है जिससे कोहरे के समय .श्यता अच्छी रहेगी तथा वाहनों की गति भी नियंत्रित रहेगी। इसके अलावा मार्ग पर अवैध कट बंद करने की भी कार्रवाई की जा रही है तथा रोड मिडियन पर अतिक्रमण को विभागीय फील्ड स्टाफ की मदद से हटवाने के साथ–साथ रोड मीडियम से रोड साइनेज के अतिरिक्त अनावश्यक प्रचार संबंधित बोर्ड को भी हटाया जा रहा है। मार्ग के मीडियन एवं शोल्डर पर स्थित झाड़ियां की विभागीय फील्ड स्टाफ के सहयोग से साफ सफाई कराई जा रही है। इसके अलावा मुख्य मार्गों के किनारे स्थित पेड़ों पर ट्री प्लेट एवं विद्युत पोल पर रिलेक्टिव लगाने का भी कार्य किया जा रहा है जिससे रात्रि के समय .श्यता अच्छी रहे। मुख्य मार्ग (एन एच तथा एस एच)से मिलने वाले मार्गों पर झाड़ियां की साफ सफाई का भी कार्य कराया जा रहा है। प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा लखनऊ बलिया मार्ग पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट चालीसवां पेट्रोल पंप, मढैया चट्टी, इदारतगंज, अमारी चौक एवं वाराणसी गोरखपुर मार्ग के शहरी भाग पर स्थित बलिया मोड़, माधव पैलेस, भुजोटी पर रोड साइनेज, स्पीड टेबल टॉप तथा सफेद पट्टी मार्किंग जेबरा क्रॉसिंग इत्यादि रोड सेटी का कार्य कराया गया है। राजमार्ग 149 पर स्थित जंक्शन खानपुर बुजुर्ग, कुचाई मोड, मदीना मोड, कुंडा शरीफ मोड, ढिलई फिरोजपुर मोड,तधुवाई मोड, कमल सागर, छतरा मोड के पास स्थित विद्युत पोल पर रेट्रो रिलेक्टिव टेप लगाने का कार्य भी किया गया है।जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने यातायात पुलिस द्वारा भी जागरूकता व सड़क सुरक्षा के अंतर्गत सड़क दुर्घटना को कम करने के उद्देश्य से यातायात के नियमों का अधिक से अधिक प्रचार प्रचार करने के निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में यातायात पुलिस द्वारा अनवरत रूप से यातायात के नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी देखने को मिल रही है। ज्ञातव्य है कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विगत दिनों सड़क सुरक्षा से संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से बलिया मोड़, सेल्फी प्वाइंट, कसारा मोड, कोपागंज, घोसी एवं दोहरीघाट के रास्ते पर पड़ने वाले लिंक रोड एवं महत्वपूर्ण कट तथा चीनी मिल घोसी का निरीक्षण किया गया था। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए थे जिसके अनुपालन में जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट कार्यक्रम को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए थे। इसी क्रम में संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाई की जा रही है जिससे विगत लगभग एक सप्ताह में किसी भी सड़क दुर्घटना के संबंध में कोई समाचार सुनने को नहीं मिला।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार मिशन शक्ति फेज 5.0 के विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग की हब फार इम्पावरमेंट आफ वूमेन टीम द्वारा विकास खंड परदहा के अन्तर्गत ग्रामसभा



हरदसपुर मे टॉक शो विद आइडल्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं तथा बालिकाओं के साथ संवाद आयोजित किया गया एवं घरेलु हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर चर्चा करते हुये महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन,मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी हेल्पलाइन नंबर जैसे चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, महिला पावर हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। जिसमें महिला कल्याण विभाग से जेंडर स्पेशलिस्ट तृप्ति राय, जेंडर स्पेशलिस्ट राखी राय, सहायक अध्यापिका अनिता सिंह व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# हादी रजा खुर्रम को किया गया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो



लखनऊ। चौक क्षेत्र के गली शाहछडा स्थित मस्जिद मरहूम मुनव्वर अली में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महफिल–ए–नूर का आयोजन, शहशाह हुसैन की जानिब से किया गया। यह महफिल शहजादी–ए–कौनेन जनाबे सय्यदा (स.अ) की शान में प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इस अवसर पर एडवोकेट हादी रजा खुर्रम को उनके साहसिक और सामाजिक कार्यों के लिए शील्ड देकर सम्मानित किया गया। उनको वर्ष 1993 में बड़े शिया डिग्री कॉलेज के अध्यक्ष रह चुके हैं। वे स्कूलों में हो रही मनमानी फीस बढ़ोतरी के खिलाफ समय–समय पर आवाज उठाते रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार को शिक्षा और इलाज पूरी तरह निःशुल्क करना चाहिए. ताकि समाज के हर वर्ग को समान अवसर मिल सके। इसी उद्देश्य के लिए वे निरंतर संघर्षरत हैं।

# डीएम से मिले सपा नगर अध्यक्ष, सौंपा पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो



सीतापुर। तंबौर नगर सहित क्षेत्र में खेल का मैदान न होने पर खिलाड़ी आए दिन परेशान रहते हैं जिसे कई बार शासन एवं प्रशासन को अवगत भी कराया जा चुका लेकिन आश्वासन ही मिला विधायक सहित सांसदों को भी लिखित ज्ञापन सौंपा गया नतीजा शून्य ही रहा जबकि तंबौर नगर मे खिलाड़ियों की भरमार है। खिलाड़ियों को खेलने के लिए कभी कभी किराए पर जमीन लेकर खेलना पड़ता है समाजवादी पार्टी के नेता तंबौर नगर अध्यक्ष जावेद खान पूर्व सभासद ने जिलाधिकारी डाक्टर राजा गणपति आर को एक लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा। जिस पर तत्काल लहरपुर उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम को निर्देश करते हुए कहा कि जल्द आदर्श नगर पंचायत तंबौर अहमदाबाद में जमीन मुहैय्या कराने को कहा। जिससे तंबौर सहित क्षेत्र के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई हो गया लोगों का कहना है खेल मैदान बनने से गांजर के गरीब, पिछड़े, दलित, अगड़े लोग खेलकर गांजर का नाम रोशन कर सकते हैं।

# नगर विकास मंत्री के प्रयासों से घोसी चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र पुनः बहाल

## - कारखिया, खोजौली एवं लाटघाट क्रय केंद्र वापस मिलने से गन्ना किसानों को बड़ी राहत

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निरंतर प्रयासोंऔर किसानों के हित में किए गए प्रभावी हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप घोसी किसान सहकारी चीनी मिल से जुड़ेवे गन्ना क्रय केंद्र, जो पूर्व में काट दिए गए थे। अब पुनः बहाल कर दिए गए हैं। पुनः बहाल किए गए गन्ना क्रय केंद्रों में करखिया, खोजौली एवं लाटघाट प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन केंद्रों के वापस मिलने से जनपद के साथ–साथ घोसी, मधुबन एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के हजारों गन्ना किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत उक्त गन्ना क्रय केंद्रों को चीनी मिल सठियांव को आवंटित कर दिया गया था। इसके चलते घोसी क्षेत्र के किसानों को गन्ना आपूर्ति के लिए काफी दूरी तय करनी पड़ रही थी। किसानों को अतिरिक्त परिवहन व्यय उठाना पड़ रहा था, जिससे उनकी आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। साथ ही समय पर गन्ना आपूर्ति न हो पाने से चीनी मिल संचालन और भुगतान प्रक्रिया पर भी असर पड़ने की आशंका बनी हुई थी। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के क्षेत्र भ्रमण के दौरान घोसी, मधुबन और क्षेत्र के बड़ी संख्या में गन्ना किसानों ने उनसे भेंट कर अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं। किसानों ने स्पष्ट रूप से आग्रह किया कि परंपरागत रूप से संचालित किसान सहकारी चीनी मिल घोसी से जुड़े गन्ना क्रय केंद्रों को यथावत रखा जाए, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर सुविधा मिल सके। किसानों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए मंत्री श्री शर्मा ने उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। किसानों की समस्याओं को समझते हुए मंत्री एके शर्मा ने इस विषय को केवल स्थानीय स्तर तक सीमित न रखते हुए शासन स्तर पर मजबूती से उठाया। उन्होंने प्रदेश के गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी जी से इस संबंध में चर्चा की तथा औपचारिक रूप से अनुरोध किया कि जनहित को .ष्टिगत रखते हुए उक्त गन्ना क्रय केंद्रों को पुनः किसान सहकारी चीनी मिल घोसी के अंतर्गत सुरक्षित रखा जाए। मंत्री श्री शर्मा द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्यों और किसानों की व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए शासन स्तर पर सकारात्मक निर्णय लिया गया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मुख्यमंत्री तथा गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके हितों की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गन्ना क्रय केंद्रों के पुनः बहाल होने की सूचना मिलते ही क्षेत्र के किसानों एवं स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। किसानों ने कहा कि अब उन्हें नजदीकी क्रय केंद्रों पर ही गन्ना आपूर्ति की सुविधा मिलेगी, जिससे समय, श्रम और धन की बचत होगी। स्थानीय किसानों, किसान संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने



इस जनहितकारी निर्णय के लिए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। यह निर्णय प्रदेश सरकार की किसान–हितैषी नीति और जनप्रतिनिधियों की संवेदनशील कार्यशैली का उदाहरण है। गन्ना क्रय केंद्रों की बहाली से न केवल किसानों की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि चीनी मिल के संचालन में भी सुगमता आएगी और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।

# कोर्ट से बंदी फरार, पुलिस महकमे में हड़कंप

## - लापरवाही पर मुख्य आरक्षी निलंबित, फरार बंदी पर भी केस दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। मंगलवार को न्यायालय परिसर से बंदी के फरार होने की सनसनीखेज घटना ने पुलिस प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बुधवार को सख्त रुख अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई की। पुलिस अभिरक्षा में लापरवाही पाए जाने पर बंदी की सुरक्षा में तैनात मुख्य आरक्षी दफेराज सिंह के खिलाफ मुकदमा



दर्ज कर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार फरार बंदी लवकुश मिश्रा को जेल से पेशी के लिए सीतापुर न्यायालय लाया गया था। पेशी के दौरान वह सेशन कोर्ट परिसर स्थित लॉकअप से पुलिस कर्मी को चकमा देकर फरार हो गया। घटना की खबर मिलते ही न्यायालय परिसर में अफरा–तफरी मच गई और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले में न्यायालय सुरक्षा प्रभारी उप निरीक्षक अभिषेक वर्मा की तहरीर पर न केवल मुख्य आरक्षी के खिलाफ लापरवाही और बंदी को भगाने से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है, बल्कि फरार बंदी लवकुश मिश्रा के खिलाफ भी पुलिस अभिरक्षा से भागने का अलग से अभियोग पंजी.त किया गया है। फरार बंदी की गिरतारी के लिए पुलिस ने चार विशेष टीमें गठित कर सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सीओ सिटी विनायक भोसले को सौंपी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच में यदि अन्य पुलिस कर्मियों की भी लापरवाही सामने आती है, तो उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। न्यायालय परिसर की सुरक्षा पर उठे सवाल, जांच के बाद और बड़े खुलासों की संभावना

# राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ ने बांग्लादेश का पुतला फूंककर की नारेबाजी

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। नगर क्षेत्र में राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष और उनके तमाम समर्थकों ने बांग्लादेश का पुतला फूंकते हुए हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार पर जताई नाराजगी। भारत सरकार से हस्तक्षेप की



मांग। मीरानपुर कटरा प्रदेश कार्यालय से राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा और उनके तमाम समर्थकों ने बांग्लादेश के पुतले के साथ पैदल मार्च निकाला।पैदल मार्च के दौरान आक्रोशित गौरक्षकों ने बांग्लादेश और उसके प्रधानमंत्री के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए अपना गुस्सा जाहिर किया। नगर के मुख्य बाईपास चौराहे पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों ने बांग्लादेश का पुतला आग के हवाले कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे धर्म के आधार पर भेदभाव और अत्याचार पर नाराजगी जताते हुए कहा कि 1971 में जब यह लोग पाकिस्तान सेना के अत्याचार से कराह रहे थे तब भारत ने सैन्य अभियान चलाकर इनको उस अत्याचार और गुलामी से आजादी दिलाई थी जिसमें हमारे देश के वीर सैनिकों ने अपना जीवन बलिदान कर दिया था। प्रदेश अध्यक्ष ने भारत सरकार से आवाहन करते हुए कहा कि वह बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ हो रहे अत्याचार पर खुलकर आवाज उठाएं और जरूरत पड़े तो सैन्य शक्ति का विकल्प भी अपनाएं। बांग्लादेशी पुतला दहन के दौरान विनोद नाथ गुरुजी मंडल उपाध्यक्ष अमर सिंह जिला महामंत्री राजेश द्विवेदी नगर अध्यक्ष .ष्णा गंगवार,अभिजीत सिंह आनंद गंगवार देवेंद्र राठौर सचिन राठौर विनोद कश्यप धर्मवीर ठाकुर सैकड़ो लोग रहे।

# एमडी जैन इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों ने जानी महान गणितज्ञ की जीवनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। विज्ञान भारती ब्रज प्रान्त के अंतर्गत विज्ञान भारती के तत्वाधान में श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज जैन एवं विद्यार्थी विज्ञान मंथन, ब्रज प्रान्त के राज्य मीडिया समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में राष्ट्रीय गणित दिवस के कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतर्गत महान गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन की जीवनी का प्रसारण कक्षा 11 एवं 12 के विज्ञान गणित वर्ग के विद्यार्थियों को दिखाया गया। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 22 दिसम्बर 1887 को भारत के दक्षिणी भूभाग में स्थित कोयंबटूर के ईरोड नामक गाँव में श्रीनिवास अय्यंगर और कोमलताम्मल के घर हुआ था। रामानुजन का सामान्य से कुछ स्थूल शरीर और जिज्ञासा से चमकती आँखे इन्हें एक अलग ही पहचान देती थीं। उनका बचपन से ही गणित के प्रति इतना प्रेम था कि अन्य विषयों पर ध्यान ही नहीं देते थे। उनका



जीवनकाल बहुत कष्ट और दुःख से भरा था। उन्हें सदैव अपने भरण पोषण के लिए और अपनी शिक्षा को जारी रखने के लिए इधर उधर भटकना पड़ा और व्यक्तियों से असफल याचना भी करनी पड़ी। उनका मद्रास में रहते हुए प्रथम शोधपत्र बरनौली संख्याओं के कुछ गुण जर्नल ऑफ इंडियन मैथमेटिकल सोसायटी में प्रकाशित हुआ। उन्होंने इंग्लैंड जाने से पूर्व लगभग 3000 से भी अधिक नए सूत्रों को अपनी नोटबुक में लिखा था। उन्होंने इंग्लैंड में प्रोफेसर हार्डी के साथ मिलकर उच्च कोटि के शोधपत्र प्रकाशित किए। अपने एक विशेष शोध के कारण उन्हें कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा बी.ए. की उपाधि भी मिली। उन्हें इंग्लैंड में रॉयल सोसायटी का फेलो नामित किया गया। उस समय किसी अश्वेत व्यक्ति को रॉयल सोसायटी की सदस्यता मिलना एक बहुत बड़ी बात थी। रॉयल सोसायटी के इतिहास में उनसे कम आयु का कोई भी सदस्य आज तक नहीं हुआ है। वहाँ की जलवायु और खान–पान के कारण उनका स्वास्थ्य बिगड़ता गया। वे अपने देश भारत भी वापस आ गए परन्तु यहाँ भी डॉक्टरो ने जवाब दे दिया। 26 अप्रैल 1920 को प्रातः काल में अचेत होने के पश्चात दोपहर होते समय गणित के महान जादूगर का मात्र लगभग 33 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने गणित में विश्लेषण एवं संख्या सिद्धान्तों के क्षेत्रों में गहन योगदान दिया। उन्होंने 3884 प्रमेयों का संकलन किया, जिनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किए जा चुके हैं। इनके द्वारा प्रतिपादित लैमड़–रामानुजन स्थिरांक, सोल्डनर स्थिरांक, थीटा फलन, रामानुज तत्समक, रामानुजन अभाज्य एवं .त्रिम थीटा फलन मुख्य हैं। उनका गणित के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान रहा है।

# सुन्नी इण्टर कॉलेज में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। सुन्नी इण्टर कॉलेज में बुधवार को प्रातः 10 बजे से वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मो. रिजवान पूर्व पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि पार्षद लईक आगा ने शिरकत की और शहर के गणमन व्यक्ति शामिल हुए। समारोह में कवि



लेखक इरशाद राही के उपस्थित शानदार रही उन्होंने अपने एक गीत को सुनाया जिससे छात्र और छात्राओं ने बहुत आनंद लिया और तालिया से पूरा सदन गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य शकील अहमद ने किया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्.तिक कार्यक्रमों नृत्य, गीत, नाटक एवं समूह प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं अनुशासन की सराहना की गई। समारोह के दौरान शैक्षिक, खेलकूद एवं सह–पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्.ष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मो रिजवान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्रबंधक एडवोकेट साद सिद्दीकी ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# कोटेश्वर इण्टर कालेज के प्रेरणाश्रोत स्व कृष्ण चंद्र की मनाई पुण्यतिथि

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कोटेश्वर इण्टर कालेज रमवां में विद्यालय की आधारशिला रखने वाले विद्यालय के प्रेरणाश्रोत प्रबंधक कोटेश्वर शुक्ला के पूज्य पिता स्व० .ष्ण चंद्र शुक्ल की पुण्यतिथि मनाई गई। प्रबंधक द्वारा नम आंखों से उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। प्रधानाचार्य डॉ० उमाशंकर तिवारी, बाल वाटिका प्रधानाचार्या नीतू प्रजापति सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं और सभी बच्चों द्वारा चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। प्रबंधक कोटेश्वर शुक्ला ने अपने संबोधन में बताया कि पिता जी की प्रेरणा से ही इस विद्यालय का शुभारंभ हुआ। बताया कि उनके पिता जी शिक्षक थे और उनकी मंशा थी कि ऐसे विद्यालय का निर्माण हो जहां गरीब से गरीब बच्चा शिक्षा प्राप्त कर सके। उनकी प्रेरणा से ही उनके सिद्धांतों के साथ आज तक विद्यालय संचालित किया जा रहा है। अपने पिता के संस्मरणों को याद करके प्रबंधक बहुत भावुक भी हो गए। उन्होंने ने पिता का जीवन में क्या महत्व होता है यह भी बच्चों को बताया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ शिक्षक शिक्षिकाये और समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# क्राइस्ट द किंग चर्च में प्रभु यीशु के जन्मदिन की तैयारियां पूरी

न्यूज वाणी ब्यूरो / इटावा। ईसाई धर्म के प्रमुख त्योहार क्रिसमस को



लेकर शहर की क्राइस्ट द किंग चर्च में बुधवार को जोरों पर तैयारी चलती रही। बुधवार की रात से चर्च में कैरोल सिंगिंग के साथ क्रिसमस के कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे जो गुरुवार तक चलेंगे। क्रिसमस उत्सव को लेकर चर्च को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और प्रभु यीशु के जन्म की झांकियां भी सजाई गई हैं। सेंटमेरी इन्टर कालेज के मैनेजर फादर बिंसन, एविन सर व लिंडो सर की देख रेख में पिछले कई दिनों से क्राइस्ट द किंग चर्च में क्रिसमस पर्व की तैयारियां चल रही थीं। चर्च को जहां रंग बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है, वहीं प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित कई मनोहारी झांकियां भी सजाई गयी हैं। क्राइस्ट द किंग चर्च में चल रहीं तैयारियों की जानकारी देते हुए मैनेजर फादर बिंसन ने बताया कि 24 दिसंबर की रात को 7.30 बजे से कैरोल सिंगिंग के साथ क्रिसमस के कार्यक्रमों की शुरुआत होगी, इसके बाद बिशप थॉमस पडियाथ, फादर बिंसन, फादर शीजू व फादर बिबिन के द्वारा विशेष प्रार्थना कराई जाएगी और प्रभु यीशु के जन्म का संदेश सुनाया जाएगा। पल्ली पुरोहित फादर बिंसन की देखरेख में पूजा के सभी कार्यक्रम होंगे और रात 12 बजे प्रभु यीशु का जन्म होगा। चर्च परिसर में ही बालक यीशु को लेकर जुलूस निकाला जाएगा और इसके बाद बालक यीशु की प्रतिमा को चरनी में स्थापित किया जाएगा। जनपद की एक मात्र क्राइस्ट द किंग चर्च में ईसाई समाज के लोगों में क्रिसमस को लेकर काफी उत्साह है। उनके द्वारा 1 दिसंबर से 25 दिनों का व्रत शुरू कर दिया गया था और घरों में पूजा अर्चना भी शुरू हो गई थी, लोग क्रिसमस त्यौहार को लेकर अपने घरों को सजाने संवारने में जुटे हुए हैं। सभी के द्वारा घरों पर कंडील भी लगायी गयी हैं। बुधवार की रात रोमन कैथोलिक समुदाय के लोग प्रभु यीशु का जन्मदिन मनाएंगे जबकि 25 दिसंबर को सुबह सीएनआई समुदाय के द्वारा यीशु का जन्मदिन मनाया जाएगा। प्रिंसिपल फादर शीजू जॉर्ज व मैनेजर फादर बिंसन ने सभी को क्रिसमस पर्व की बधाई देते हुए कहा है कि क्रिसमस पर्व को लेकर चर्च परिसर में प्रभु यीशु के जन्म की झाकियां सजाई गयी हैं। चर्च व आसपास के क्षेत्र को भी बिजली की रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। क्रिसमस पर्व पर सजी धजी क्राइस्ट द किंग चर्च में लगी प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित दिल को छू लेने वाली मनोहारी झांकियों को देखने का शहर वासियों को बेसब्री से इंतजार रहता है।

# निर्वाचक नामावली तैयार, 30 तक दाखिल करें आपत्ति

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पं०) ने बताया कि तहसील सदर, खागा एवं बिन्दकी के समस्त विकास खण्डो की समस्त ग्राम पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक ध्यान दें कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण) नियमावली, 1994 के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार हो गई है। उसकी एक प्रति उनके कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय और खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। कोई भी व्यक्ति निर्वाचक नामावली का कार्यालय समय में निरीक्षण कर सकता है। यदि नामावली में किसी नाम के सम्मिलित किए जाने के लिए कोई दावा अथवा किसी प्रकार के अन्य विवरणों के सम्बन्ध में कोई संशोधन अपेक्षित हो अथवा सम्मिलित किसी नाम के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो उसे 30 दिसंबर या उससे पूर्व प्रपत्र 2, 3 या 4 में जो भी उपयुक्त हो, दाखिल किया जाए। प्रत्येक ऐसा दावा या आपत्ति उनके कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय या खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में उपर्युक्त तिथि तक प्रस्तुत किया जा सकता है।

# शार्ट सर्किट लगी आग, गृहस्थी व उपकरण राख

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र के विजयनगर मुहल्ले में एक शिक्षक के कमरे में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे कमरे में रखा गृहस्थी का सामान व उपकरण जलकर खाक हो गए। पीड़ित शिक्षक ने कोतवाली में सूचना दी है। जानकारी के अनुसार त्रिलोचनपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक नीरज उत्तम नगर के विजयनगर मोहल्ले में किराए के कमरे में रहते हैं। रोज की भांति मंगलवार कमरे का ताला बंदकर विद्यालय चले गए थे। कमरे में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जब नीरज उत्तम विद्यालय से लौट कर कमरे आए तो कमरे में रखी गृहस्थी फ्रिज, मिक्सी, कपड़े व विद्यालय का टैबलेट आदि जलकर राख हो गए। जिसके बाद पीड़ित शिक्षक ने कोतवाली में घटना की सूचना दी है। कोतवाली प्रभारी रमेश सिंह पटेल ने बताया कि सूचना पर पुलिस भेजी गई है।

# ज़िला पंचायत बोर्ड की बैठक तीस को

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ज़िला पंचायत बोर्ड की सामान्य बैठक आगामी तीस दिसंबर को पंचायत सभागार में चेयरमैन अभय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में होगी। इस बैठक में मूलतः सदस्य ही सम्मिलित होंगे, किसी सदस्य का प्रतिनिधि बैठक में भाग नहीं ले सकेगा। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी ज्ञान धन सिंह ने बताया कि बैठक के एजेण्डे में फ़िलहाल सात बिन्दु सम्मिलित हैं। बैठक के दौरान चेयरमैन की अनुमति से अन्य विषय भी सम्मिलित हो सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बैठक में ज़िला पंचायत का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2025–26 एवं मूल बजट वर्ष 2026–27 को स्वी.तार्थ सदन पटल पर रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त पंचम राज्य वित्त व पंद्रहवां वित्त आयोग की वर्ष वर्ष 2025–26 द्वितीय सप्लीमेंट्री कार्य योजना पर सदन विचार करेगा। साथ ही पंचम राज्य वित्त व पंद्रहवां वित्त आयोग की वर्ष 2026–27 की मूल कार्ययोजना पर विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में ज़िला पंचायत विकास योजना पंचम राज्य वित्त व पंद्रहवाँ वित्त आयोग की वर्ष 2026–27 की कार्य योजना पर भी इस बैठक में विचार किया जाएगा और खनिज परिवहन शुल्क वसूली की उपविधि व अन्य प्रचलित उपविधियों की संशोधित दरों के संशोधन आदि पर विचार होगा।

# किसान की ठण्ड लगने से मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सुखपुर गांव में मंगलवार की रात खेत में पानी लगाए किसान की ठण्ड लगने से हालत बिगड़ गई। जब तक उसे कहीं उपचार के लिए ले जाया जाता उसकी मौत हो गई। प्रधान सुरेन्द्र ने बताया कि सुखपुर गांव निवासी रामस्वरूप पुत्र रामसेवक 35 वर्ष रात में गेहूं के खेत में पानी लगाए गया था। जहां ठण्ड लगने से उसकी हालत बिगड़ गई। जब तक परिजन उसे कहीं उपचार के लिए ले जाते उसकी मौत हो गई। प्रधान के अनुसार ठण्ड लगने से यह पहली मौत हुई है।

# बीबीपुर की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पालिका परिषद के वार्ड नं. 8 झाऊपुर की बस्ती बीबीपुर की समस्याओं को लेकर रानी लक्ष्मी बाई महिला संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि 17 सितंबर को भी समस्याओं के निदान का मांग पत्र दिया गया था लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इसलिए पुनः समस्याओं के निराकरण के लिए मांग पत्र दे रहे हैं। मांग किया कि बीबीपुर में संपूर्ण विद्युतीकरण कराते हुए सीमेन्टेड खंभे व कवर्ड केबिल लगवाया जाए, सामुदायिक भवन/बरातशाला बनवाया जाए, षिल्पा देवी के घर से रेलवे पुल तक पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए, पेयजल हेतु इंडिया मार्का हैण्डपम्प लगवाए जाएं, नालियों के जल निकासी हेतु बड़े नाले का निर्माण कराया जाए, बच्चों के खेलने हेतु खेल मैदान की व्यवस्था करवाई जाए। इस मौके पर मालती, कमलेश कुमारी, सुनीता, अनुराग, राजरानी, मोमना, सरोज, गायत्री देवी, वीरन कुमार, अभय, सविता, सुदामा, केशकली, ऊषा, सुमित्रा, हिमांशु, प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के इशाकपुर गांव के समीप बाइक सवार को अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक चालक रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए नज़दीकी स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हरिराम का पुरवा गांव निवासी वंश गोपाल का 30 वर्षीय पुत्र लवकुश बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब उसकी बाइक थाना क्षेत्र के इशापुर गांव के समीप पहुंची तभी अज्ञात वाहन उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक चालक लवकुश रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए हथगाम सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया तो सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के मामा राकेश ने बताया भांजा किसी काम से खागा कोतवाली क्षेत्र जा रहा था। तभी रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई है।

# ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में 41 विद्यालयों के बच्चों ने किया प्रतिभाग

## - 25 सर्वश्रेष्ठ छात्रों को अंतिम चरण हेतु चयनित किया

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड ऐरायां में ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी ऐरायां रत्नामणि मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड के 41 उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रत्येक विद्यालय से तीन–तीन छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 25 सर्वश्रेष्ठ छात्र–छात्राओं को अंतिम चरण हेतु चयनित किया गया। अंतिम चरण में चयनित 25 सर्वश्रेष्ठ छात्रों को रैंडम आधार पर पाँच–पाँच छात्रों के पाँच समूहों में विभाजित किया गया जिनके मध्य अंतिम चरण की विकास खंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के



आधार पर जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता हेतु सर्वश्रेष्ठ पांच बच्चों पवन सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय नक्सारा, अंशू पाल, कंपोजिट विद्यालय धनकामई, रिषभ सिंह, पीएमश्री विद्यालय कटोघन, मोहम्मद रेहान, कंपोजिट विद्यालय ऐरायां मशायक, आशीष कुमार, कंपोजिट विद्यालय हसनपुर अकोढ़िया का चयन किया गया। साथ ही जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी हेतु अनुराग कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर सानी, प्रिंश कुमार, कंपोजिट विद्यालय धनकामई, पायल मौर्या, कंपोजिट विद्यालय मथुरादासपुर, अर्पिता सिंह कंपोजिट विद्यालय काही, सुनैना सिंह, कंपोजिट विद्यालय घूरी का चयन किया गया। प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी बच्चों को सहभागिता प्रमाण पत्र तथा स्टेशनरी पेन, पेंसिल, इरेज़र, शार्पनर, नोटबुक एवं ज्यामेट्री बॉक्स प्रदान किया। सर्वश्रेष्ठ दस बच्चों को साइंस किट भी प्रदान की। सर्वश्रेष्ठ टीम के पांच बच्चों को मोमेंटो प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में विकास खण्ड के एआरपी आकाश कुमार सिंह, शेष नारायण दुबे, रघुराज मौर्य, दीपक कुमार, आनंद कुमार मिश्र, डॉ. अम्बिका प्रसाद मिश्र, अजय सिंह, लालचंद मौर्य, प्रेम प्रकाश सिंह, अशोक सिंह, ऋषि कुमार सिंह, सुषमा तिवारी, सरिता सिंह, उमेश कुमार मौर्य, मोहर सिंह, शैलेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार, सत्येंद्र सिंह, रवि कुमार तिवारी, अनिल कुमार, विनोद कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

## - महिला सशत्तिक्रकरण एवं उड़ान सपनों की थीम पर हुआ कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े ही



हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। इस वर्ष के वार्षिक समारोह की थीम महिला सशक्तिकरण एवं उड़ान सपनों की रही, जिसने समाज में महिलाओं की भूमिका, आत्मनिर्भरता और सपनों को साकार करने के संदेश को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन राजकुमार मौर्य, हरिओम रस्तोगी एवं समाजसेवी अशोक तपस्वी रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश वर्मा एवं चेयरपर्सन रानी वर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्र–छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्:तिक कार्यक्रमों ने सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। नृत्य, नाटक, गीत एवं मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और सपनों की उड़ान का संदेश अत्यंत सशक्त ढंग से दिया गया। इस अवसर पर इवेंट कोऑर्डिनेटर स्वस्तिका त्रिपाठी एवं सामिया मिर्ज़ा मैम, मैनेजमेंट कोऑर्डिनेटर आशीष अग्निहोत्री एवं जुहैब के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति में प्रस्तुत की गई शानदार प्रस्तुतियों के साथ यह वार्षिक समारोह अत्यंत सफल एवं यादगार बन गया।

# बिना मजबूत इरादे के हासिल नहीं हो सकता कोई लक्ष्य : राजकुमार

## - स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ फुटबाल टूर्नामेंट, कल होगा फाइनल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। स्पोर्ट स्टेडियम में मानव सेवा संस्थान एवं फीफा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने जनपद स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन सत्र में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर एक लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। चाहे वह किसी पद या प्रतिष्ठा के लिए व्यक्तिगत तैयारी हो या फिर खेल के मैदान में अपने आपको सर्वश्रेष्ठ साबित करने का इरादा। बिना मजबूत इरादे के कोई भी लक्ष्य हासिल नहीं हो सकता। इससे पूर्व जिला खेल संघ के अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांड्ेय ने फुटबॉल को शारीरिक क्षमताओं को बढ़ाने वाला जोशीला खेल बताते हुए कहा कि हमें खेल बहुत कुछ सिखाते हैं। चाहे वह नेतृत्व की क्षमता को विकसित करना हो या फिर अनुशासन में रहकर अपने विरुद्ध खेल रही टीम को पराजित कर विजय हासिल करना हो। टूर्नामेंट के दौरान आज चार फुटबॉल टीमों के बीच जोरदार संघर्ष देखने को मिला। जहां एक ओर सर्वोदय फुटबॉल क्लब ने राहुल फुटबॉल क्लब को दो शून्य से हराकर विजय प्राप्त की वहीं दूसरी ओर फतेहपुर स्पोर्टिंग की टीम ने सार्थक फुटबॉल क्लब को 3–0 से




सेमी फाइनल के लिए अपनी जगह पक्की कर ली। टूर्नामेंट के अगले चरण में कल चार टीमें और खेलेंगे इसके पश्चात 26 दिसंबर को टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला जाएगा। उद्घाटन सत्र के दौरान पूर्व सभासद धीरज कुमार, व्यापार मंडल के अध्यक्ष बृजेश सोनी, जनकल्याण महासमिति से आदर्श मिश्रा एवं मानव विकास संस्थान से प्रदीप कुमार पांडेय सहित सुरेश श्रीवास्तव आदि सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला खेल संघ के मीडिया प्रभारी अजय सिंह चौहान ने दी।

# औचक ड्राइव में स्टेशन से बालिका व बस स्टाप से मिली दो महिलाएं

## - महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा हेतु विभाग ने चलाई औचक ड्राइव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी ऋशांत कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता



में जनपद में बच्चों और एवं महिलाओं की सुरक्षा व संरक्षण हेतु रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य संकट की स्थिति में प्राप्त महिलाओं व बच्चों को त्वरित सहायता प्रदान की जाये जिससे कोई भी महिला या बच्चा अकेले आपातकालीन स्थिति में न रहे और उनको सुरक्षा व संरक्षण प्रदान किया जाए। निरीक्षण के दौरान रेलवे स्टेशन का दौरा किया गया। जिसमें आरपीएफ, जीआरपी, स्टेशन अधिक्षक आदि लोग उपस्थित रहे। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने आरपीएफ, जीआरपी पुलिस टीम को कहा कि ऐसी स्थिति में यदि कोई भी महिला या बच्चा मिलता है तो तत्काल विभाग को सूचित करें जिससे उनको संरक्षित करवाया जा सके। निरीक्षण के दौरान रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात बालिका दिखी। जिसकी उम्र लगभग 13 वर्ष थी और बालिका के साथ कोई अभिभावक नहीं था। बालिका से पूछताछ करने पर पता चला कि बालिका बिहार से है और अपने घर से गुस्सा होकर बिना बताए घर छोड़ कर चली आई है। जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेशानुसार तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने बालिका को चाइल्ड हेल्पलाइन सेंटर में आवासित कराया। अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की गई। औचक ड्राइव के क्रम में बस स्टॉप का भी औचक निरीक्षण जिला प्रोबेशन अधिकारी व संयुक्त टीम ने किया। निरीक्षण के दौरान बस स्टॉप पर दो महिलाएं मिली। जो आश्रय विहीन अवस्था में बस स्टेशन पर बैठी हुई थी। बस स्टॉप के अधीक्षक से बात करने पर पता चला कि यह महिलाएं लगभग 4 से 5 दिन पूर्व से यहां पर बैठी हुई है और उनका कोई आश्रय नहीं है। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा पूछताछ की गई। महिलाओं को रेस्क्यू कर वन स्टाफ सेंटर में आवासित कराया गया।

# बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या से उबाल, सड़कों पर फूटा आक्रोश

## - हिंदूवादी संगठनों ने बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका

न्यूज वाणी ब्यूरो




फतेहपुर। बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपूदास की नृशंस हत्या से आक्रोशित बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद सहित अन्य हिंदू संगठनों ने बुधवार को शहर में जोरदार विरोध–प्रदर्शन किया। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ रैली निकालकर पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। रैली शहर के पटेल नगर चौराहे से शुरू होकर पत्थरकटा चौराहा तक पहुंची। जहां बांग्लादेश सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं और यह मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। प्रदर्शन के दौरान धर्मेंद्र सिंह जिला संयोजक बजरंग दल ने कहा कि दीपू दास की हत्या कोई एक घटना नहीं, बल्कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ चल रहे सुनियोजित उत्पीड़न का हिस्सा है। उन्होंने बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और हत्या के दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। हिंदू संगठनों ने भारत सरकार और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से भी इस गंभीर मामले में सख्त रुख अपनाने, बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाने और वहां के हिंदुओं की जान–माल की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान माहौल पूरी तरह आक्रोशपूर्ण रहा और हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो, दीपू दास के हत्यारों को सजा दो जैसे नारे गूंजते रहे। प्रदर्षन के दौरान बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसएस इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने मचाया धमाल

## – 27 को होगी ओपेन प्रतियोगिता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के नप्पी हाता स्थित एसएस इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे–मुन्ने बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। वहीं विद्यालय में 27 दिसंबर को



विभिन्न विषयों पर आधारित ओपेन प्रतियोगिता का भी आयोजन विद्यालय में किया जाएगा। विद्यालय में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बच्चों ने विभिन्न गीतों में डांसिंग, सींगिंग सहित गरबा कर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान विद्यालय में क्रिसमस ट्री सजाए जाने के साथ ही सांता क्लॉज की वेशभूसा में सजे बच्चे सब को आकर्षित कर रहे थे। डायरेक्टर रेखा शुक्ला ने बच्चों को प्रभु ईशू के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया, साथ ही बच्चों को स्वल्पाहार के साथ ही गिट भी प्रदान किए। डायरेक्टर ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में 27 दिसम्बर को प्राइमरी स्तर की कला, जूनियर स्तर की गुरु गोविंद सिंह, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान के चमत्कार विषयों पर निबंध–लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें किसी भी विद्यालय के बच्चे इस ओपेन प्रतियोगिता में हिस्सेदारी निभा सकते हैं। बताया कि इस प्रतियोगिता में पीजी से कक्षा पांच तक के छात्र–छात्राएं प्रतिभाग कर सकते हैं। विद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रधानाचार्य वैभवी शुक्ला, सोनम सोनी, महिमा सिंह, संजू रस्तोगी, सौम्या तिवारी, साक्षी श्रीवास्तव, बबली सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस से मिलकर प्लाट पर कब्जा करने का आरोप

## – पीड़ित ने एसपी से की शिकायत, जांच कराए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम बसवा की रहने वाली एक महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए दबंगों पर पुलिस से मिलकर प्लाट पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। बसवा गांव निवासी रोशनी देवी पत्नी हीरालाल ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसने विवादित प्लाट को मालिक जय प्रकाश शुक्ला के जरिए रजिस्ट्रीशुदा बैनामा 15 जुलाई 2014 को खरीदा था। प्लाट खरीदने के बाद से वह काबिज है। प्लाट उसके रिहायशी मकान के ठीक सामने है। जिसमें वह जानवर बांधने के साथ ही गृहस्थी का सामान रखती है। विपक्षीगण हरिश्चन्द्र, महेश चन्द्र निवासी कालूपुर थाना खखरेरू की ससुराल गांव में है और वह उसके प्लाट पर कब्जा करने की नियत रखते हैं। उन्होने एक मुकदमा सिविल जज सी0डि0 में भी दायर कर रखा है। जो दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है। 22 दिसंबर को पुलिस की मदद से उसके प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास किया। 23 दिसंबर को दरोगा प्रशांत पाण्डेय को लेकर मौके पर आए और दरोगा ने ध ामकी दिया कि प्लाट खाली कर दो नहीं तो चालान कर देंगे। उसने आरोप लगाया कि दबंग पुलिस से सांठगांठ करके उसे परेशान कर रहे हैं। पीड़िता ने एसपी से मांग किया कि प्रकरण की जांच करवाकर कानूनी कार्रवाई करते हुए दरोगा को आदेशित किया कि अनावश्यक रूप से प्रताड़ित न करें।

# महिला ने किया जान देने का प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम देवमई में बुधवार की दोपहर मानसिक तनाव के चलते 30 वर्षीय महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार देवमई गांव निवासी छेदी लाल की पत्नी गीता देवी ने बुधवार की दोपहर जान देने के इरादे से जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो उसे परिजनों ने तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# बाइक से महिला घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अर्न्तगत लखनऊ रोड़ बुधवार की दोपहर चलती बाइक से गिरकर 25 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत चिन्ता जनक बनी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के घूरी गांव निवासी रंजीत की पत्नी रेखा देवी बाइक में बैठकर शहर आ रही थी। तभी अचानक चलती बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने महिला को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है।

# मोपेड में छिपे सांप ने चालक को काटा, रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बावनी इमली के समीप मोपेड सवार युवक को मोपेड में छिपे सांप ने काट लिया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के खजुहा कस्बा निवासी भोला का 18 वर्षीय पुत्र अंश मोपेड बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए बिंदकी कस्बे आ रहा था। जब बाइक कोतवाली क्षेत्र के बावनी इमली के समीप पहुंची तभी मोपेड के अंदर छिपे सांप को इंजन से पहुंची गर्मी के चलते वह बाहर निकाला और मोपेड की हैंडल पकड़े युवक के हाथ में काटकर मोपेड से उतरकर जंगल में जाकर छिप गया। घटना की सूचना परिजनों को हुई तो तुरंत पर युवक को इलाज के लिए बिंदकी सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस के ईएमटी बालक राम व पायलट जितेंद्र कुमार के साथ जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )